63 वां प्रकाशन वर्ष

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

देसी अंदाज नया मिजाज

epaper.ranchiexpress.com ❑वर्ष-63 ❑अंक 211 ❑रांची, गुरुवार 19 मार्च 2026 ❑संवत 2082 ❑ चैत्र मास शुक्ल पक्ष अमावस्या❑ पृष्ठ-12

मूल्य 3 रु




# झारखंड विधानसभा में गूंजा राशन डीलरों के कमीशन और आउटसोर्सिंग घोटाले का मुद्दा

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन बुधवार को सदन में राशन डीलरों के कमीशन और आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में अनियमितताओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली।

बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव ने परिवहन/वितरण प्रणाली (ट्रांसपोर्टेशन/डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) के तहत मिलने वाले कमीशन को बढ़ाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डीलरों को मिलने वाला कमीशन पर्याप्त नहीं है, जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि डीलर दो किलोग्राम तक अनाज कम दे देते हैं, तो उसे गलत नहीं माना जाता, ऐसे में सरकार को उनकी स्थिति सुधारने के लिए कमीशन बढ़ाना चाहिए।

इस पर जवाब देते हुए राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि सरकार की ओर से डीलरों को प्रति यूनिट लगभग डेढ़ रुपये का कमीशन दिया जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को तोड़-मरोड़ कर पेश करने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार डीलरों के हितों को लेकर गंभीर है और व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है।

### आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में गड़बड़ी का आरोप

सदन में आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिए मैनपावर नियुक्ति में अनियमितताओं को लेकर भी हंगामा हुआ। विधायक प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां युवाओं से पैसे लेकर नौकरी दिलाने का काम कर रही



हैं, जिससे उनका शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नियमावली तो बनाई है, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। मीडिया में भी इस तरह की खबरें आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण को रोकने के लिए कैबिनेट द्वारा स्पष्ट नियमावली बनाई गई है। उन्होंने बताया कि विभागों को मैनपावर की जरूरत होने पर जैप आईटी प्रणाली के माध्यम से सूचीबद्ध एजेंसियों का चयन किया जाता है और फिलहाल 14 एजेंसियां पैनल में शामिल हैं।

मंत्री ने कहा कि एजेंसियों का काम योग्यता और अनुभव के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करना है। यदि कोई एजेंसी निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे मांगती है, तो जांच में सही पाए जाने पर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

बहस के दौरान विधायक प्रदीप यादव ने फिर सवाल उठाया कि नियमावली के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है और पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित की जाएगी।

इस बीच मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी माना कि यह गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि कई बार आरक्षण रोस्टर का सही तरीके से पालन नहीं हो पाता, जिस पर सख्ती से अंकुश लगाने की जरूरत है।

सरकार की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्तियों में झारखंड के स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही विभागीय कार्यों में तेजी लाने के लिए इस व्यवस्था को जरूरी बताया गया, लेकिन इसमें पारदर्शिता और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया।

# झारखंड में वीबी-जी राम-जी नहीं, मनरेगा रहेगा नाम

## विधानसभा में मनरेगा को यथावत रखने का संकल्प पारित

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को मनरेगा को उसके पुराने नाम से ही जारी रखने का संकल्प पारित किया गया। यह संकल्प राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में पेश किया। संकल्प में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वीबी-जी राम-जी अधिनियम की जगह मनरेगा को ही जारी रखने की बात कही गई। साथ ही मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया।

सदन में प्रस्तुत प्रस्ताव में कहा गया कि वीबी-जी राम-जी अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया




कि इससे रोजगार की कानूनी गारंटी, मानव दिवसों की सुरक्षा, ग्राम सभा की शक्तियों और राज्य के वित्तीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए राज्य के हित में मनरेगा को ही जारी रखना आवश्यक है।

इसके अलावा, 5 जनवरी-2026 को इस विषय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य संबंधित पक्ष शामिल हुए थे। समीक्षा के बाद इस अधिनियम को लेकर कई चिंताएं जताई गईं। संकल्प में यह भी कहा गया कि नए प्रावधानों से काम मांगने पर रोजगार मिलने की कानूनी गारंटी समाप्त हो सकती है, काम के दिनों में कमी आ सकती है, महिलाओं के सशक्तिकरण पर असर पड़ेगा और पलायन बढ़ने की आशंका है। साथ ही इससे राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है।

# दिल्ली के पालम की रामचौक मार्केट में आग से नौ लोगों की मौत, जांच के आदेश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के द्वारका जिले के पालम इलाके की रामचौक मार्केट स्थित एक बहुमंजिली इमारत में बुधवार सुबह लगी आग में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में तीन मासूम लड़कियां भी हैं। हादसे में कई लोग झुलस गए हैं। कइयों ने जान बचाने के लिए इमारत से छलांग लगा दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हादसे की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि पालम स्थित बहुमंजिला आवासीय भवन में हुई



भीषण अग्निकांड के बारे में जानकर अत्यंत व्यथित हूं। जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन विभाग और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान जुटे हुए हैं। घटना की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए गए हैं।

पुलिस के अनुसार मृतकों में दो पुरुष प्रवेश (33) तथा कमल (39) और चार महिलाएं आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22) तथा दीपिका (28) हैं। मृतकों में तीन नाबालिग लड़कियां भी हैं जिनकी आयु 15 वर्ष, 6 वर्ष और 3 वर्ष है। सफदरजंग अस्पताल में 19 वर्षीय युवक को भर्ती कराया गया है, जो 25 प्रतिशत झुलस गया है।

पुलिस के अनुसार, इस इमारत (डब्ल्यूजेड-124ए) के बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल पर कपड़ा और कॉस्मेटिक का शोरूम है। यह मार्केट प्रधान राजेंद्र कश्यप का बताया जा रहा है। दूसरी और तीसरी मंजिल पर उनका परिवार रहता है। आग तेजी से पूरी बिल्डिंग में फैल गई, जिससे अंदर मौजूद लोग फंस गए। सूचना पाते ही पालम विलेज थाने के एसएचओ समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।दमकल विभाग की 20 गाड़ियां और 11 एंबुलेंस भेजी गईं। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के बाद इंतजार करें, वितरणकर्ताओं के यहां लाइन लगाने से बचें: सरकार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने लोगों से अपील की है कि लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर की बुकिंग के बाद इंतजार करें और वितरणकताओं के यहां लाइन लगाने से बचें। वर्तमान में एलपीजी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं को पर्याप्त वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं बुकिंग के लिए अब 93 प्रतिशत लोग ऑनलाइन तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार ने लोगों से अफवाहों पर विश्वास नहीं करने और गैस का उचित उपयोग करने को कहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भले ही कीमतें बढ़ रही हों, फिलहाल




भारत में डीजल-पेट्रोल की कीमतों में कोई इजाफा नहीं होगा।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि कच्चे तेल की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही है। घरेलू एलपीजी उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल की कमी की कोई खबर नहीं है और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों, विशेषकर छात्रों के लिए, आर्मेनिया और अजरबैजान की भूमि सीमा से यात्रा करने के संबंध में एक सलाह जारी की है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे सुगम सीमा पार आवागमन के लिए अपनी सुविधानुसार इस सलाह का पालन करें।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की, जिनमें निर्दोष लोगों की जान गई और नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने पर जोर दिया और शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी भारतीय पोत सुरक्षित हैं और कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। पिछले 24 घंटों में विभिन्न बंदरगाहों से साइन-ऑफ के बाद 25 भारतीय नागरिकों को स्वदेश वापस भेजा गया। 247 नियंत्रण कक्ष ने 125 कॉल और लगभग 450 ईमेल संभाले, जिनका तुरंत समाधान किया गया। एलपीजी वाहक शिवालिक और नंदा देवी आवश्यकतानुसार माल उतार रहे हैं। विशाखापत्तनम बंदरगाह पर अतिरिक्त 2,500 वर्ग मीटर स्थान से संचालन में सहायता मिल रही है। किसी भी बंदरगाह पर भीड़भाड़ की सूचना नहीं है।

## सदन चलाने में सत्तापक्ष और विपक्ष का सहयोग लोकतांत्रिक परंपराओं का उत्कृष्ट उदाहरण : स्पीकर

**रांची :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र 2026 के दौरान बुधवार को सदन की कार्यवाही की दूसरी पाली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जवाब के साथ ही स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इस अवसर पर सदन में स्पीकर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का तृतीय अनुपूरक बजट और वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट, जिसकी कुल राशि एक लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये है। यह बजट राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्पीकर ने अपने समापन संबोधन में कहा कि 18 फरवरी 2026 से लेकर 18 मार्च 2026 तक संचालित इस बजट सत्र में 17 कार्य दिवस रहा और यह सत्र 19 मार्च तक प्रस्तावित था। लेकिन 14 मार्च को अवकाश के दिन सदन का कार्य किया गया, इसलिए एक दिन पूर्व आज ही सत्र समापन हो गया। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि इस बजट सत्र में कुल 242 अल्पसूचित प्रश्न स्वीकृत किए गए, जिनमें से 62 प्रश्नों के उत्तर सदन में दिए गए। इसी प्रकार कुल 758 तारांकित प्रश्न पूछे गए, जिनमें से 57 प्रश्नों का उत्तर सदन में दिया गया। ध्यानाकर्षण सूचनाओं की बात करें तो कुल 72 ध्यानाकर्षण सूचनाएं ली गई, जिनमें से 55 का उत्तर सदन में दिया गया।

## संसद की 19-20 मार्च की बैठकें रद्द, अब सदन 28-29 मार्च को काम करेगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** संसद में इस हफ्ते गुरुवार और शुक्रवार को अवकाश होने के कारण अगले सप्ताहांत में शनिवार और रविवार को दोनों सदनों की बैठक आयोजित होगी। सदन के पटल पर 19-20 मार्च को रखे जाने वाले प्रश्न अब 23 मार्च को रखे जाएंगे।

लोकसभा में पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने बुधवार को बताया कि लोकसभा ने त्योहारों की वजह से 19-20 मार्च की बैठकें रद्द कर दी हैं। इसके बदले अब सदन 28-29 मार्च (शनिवार-रविवार) को काम करेगा। यह निर्णय काम के घंटों की भरपाई के लिए लिया गया है। राज्यसभा में इस बाबत घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

जगदंबिका पाल ने कहा कि लोकसभा ने 19 मार्च और 20 मार्च को निर्धारित सदन की बैठकों को रद्द करने पर सहमति व्यक्त की है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो को भेंट की झारखंड राइजिंग पुस्तक

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को राज्य सरकार की ओर से प्रकाशित झारखंड राइजिंगः ए ग्लोबल स्टोरी पुस्तक और एक कॉफी टेबल बुक भेंट की। इस पुस्तक में जनवरी माह में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के दावोस और यूनाइटेड किंगडम (लंदन) दौरे का विस्तृत विवरण शामिल है, जबकि कॉफी टेबल बुक में राज्य



सरकार के विकासात्मक कार्यों की समग्र जानकारी प्रस्तुत की गई है।

मौके पर मुख्यमंत्री ने संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को भी झारखंड राइजिंगः ए ग्लोबल स्टोरी पुस्तक और कॉफी टेबल बुक भेंट की।

# कैबिनेट ने 2,584 करोड़ रुपये के लघु जल विद्युत विकास योजना को मंजूरी दी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 से लेकर अगामी वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए 1500 मेगावाट क्षमता वाली 2584.60 करोड़ रुपये के लघु जल विद्युत (एसएचपी) विकास योजनाञ्ञ को मंजूरी दे दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए 'लघु जल विद्युत (एसएचपी) विकास योजना' को अपनी मंजूरी दे दी है। वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 1500 मेगावाट क्षमता वाली लघु जल विद्युत (एसएचपी) परियोजनाओं की स्थापना के लिए 2584.60 करोड़



रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह योजना अलग-अलग राज्यों में छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट (1-25 मेगावाट क्षमता वाले) लगाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि इससे खास तौर पर पहाड़ी और उत्तर-पूर्वी राज्यों को फायदा होगा, जहाँ ऐसे प्रोजेक्ट की बहुत ज्यादा संभावना है।

वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत राज्यों को लगभग 200 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा, ताकि भविष्य में लघु जलविद्युत परियोजनाओं की एक श्रृंखला तैयार हो सके। इस प्रकार की डीपीआर तैयार करने के लिए राज्य और केंद्र सरकार की एजेंसियों को सहायता प्रदान करने हेतु 30 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

उन्होंने कहा कि इस योजना से परियोजना निर्माण के दौरान 51 लाख व्यक्ति-दिवस का रोजगार सृजित होगा। इसके साथ ही ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित होने वाली इन एसएचपी (स्मॉल हैंड हीटर) परियोजनाओं के रखरखाव और संचालन में भी रोजगार सृजित होगा। एसएचपी परियोजनाएं विकेंद्रीकृत होने के कारण लंबी पारेषण लाइनों की आवश्यकता न्यूनतम होती है, जिससे पारेषण हानि भी कम होती है।

## विधायक नवीन जायसवाल की बेटी के विवाह उपरांत समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री, नवदंपति को दिया आशीर्वाद

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन बुधवार को रांची के कटहल मोड़ स्थित दीपाटोली में हटिया से विधायक नवीन



जायसवाल के आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां विधायक नवीन जायसवाल की पुत्री माही जायसवाल के विवाह के बाद आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर कल्पना सोरेन ने भी नवदंपति को मंगलकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक नवीन जायसवाल और उनके परिवारजनों से मुलाकात कर खुशी व्यक्त की और पारिवारिक माहौल में कुछ समय बिताया।

## संक्षिप्त समाचार

### बालकांड के भक्तिमय प्रसंग का वर्णन एवं महाभंडारे के साथ हुआ पांच दिवसीय श्री रामकथा का समापन



**रांची:** हरे कृष्ण सत्संग ग्रुप,हरे कृष्ण मार्ग नोर्थ लक्ष्मी नगर,पिस्कामोड़ द्वारा आयोजित 5 दिवसीय श्रीराम कथा के आखिरी दिन वृन्दावन से आये 82 वर्षीय वरिष्ठ कथाकार संगीत माधव दास द्वारा भगवान श्री राम जी के जन्म से सम्बन्धित बालकाण्ड के विशेष प्रसंग पर विस्तृत रूप से कथा सुनाई गई। उन्होंने भगवान के प्रकट होने के पहले तथा प्रकट होने के बाद की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान का जन्म हम देहधारी जीवों की तरह नहीं होता,उनका जन्म एवं कर्म दिव्य है।भगवान श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं कहते हैं: जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः। त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन॥ यानि भगवान कहते हैं कि मेरा जन्म और कर्म दिव्य यानि अलौकिक है जो व्यक्ति इस रहस्य को सही तरीके से समझ लेता है,उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता। इस भक्तिमय कथा को सफल बनाने में मुख्यरूप से रामजतन शर्मा, पंकज लाल, ओम प्रकाश स्वर्णकार, कलावती देवी, रीता देवी, श्रीरामचन्द्र दास, राम रतन शर्मा, प्रभु पंडित, सुजीत कुमार, के.के.सिंह प्रभु, हरिशंकर चौधरी, रामबली शर्मा, शिव किशोर शर्मा, शशिभूषण प्रभु, गायिका रीना देवी, ज्योति कुमारी, रंजन अग्रवाल, रेशमी कुमारी, खुश्बू, श्रेया, सृष्टि, संदीप कुमार आदि ने तन-मन-धन से सहयोग किया।

### बच्चा चोरी जैसी अफवाहों के कारण निर्दोष लोगों की पिटाई और हत्या बेहद चिंताजनक : सुरेश कुमार बैठा



**रांची :** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने शून्यकाल प्रश्न के माध्यम से बढ़ती मॉब लिंचिंग की घटनाओं का गंभीर मुद्दा सदन में उठाया। बच्चा चोरी जैसी अफवाहों के कारण निर्दोष लोगों की पिटाई और हत्या जैसी घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। यह न सिर्फ कानून-व्यवस्था पर सवाल है, बल्कि हमारे समाज की संवेदनशीलता पर भी चोट है। सरकार से मांग की है कि पुलिस द्वारा गांव, कस्बों और बाजारों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अफवाहों पर रोक लगे और हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अफवाह नहीं, सत्य पर विश्वास करें। हिंसा नहीं, मानवता का साथ दें।

### सेवानिवृत्ति आईएएस फोबिया से बाहर निकले झारखण्ड : राजेन्द्र

**रांची :** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक में विश्वविद्यालय सेवा आयोग की कमान प्रशासनिक अनुभव रखने वालों को कमान देने को लेकर मूलवासी सदान के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि झारखंड सेवानिवृत आईएएस फोबिया से बाहर निकले। झारखंड में एक परिपाटी चली हुई है कि किसी भी संस्थान का कमान सेवानिवृत आईएएस पदाधिकारी को थमा दिया जाता है, जिनका पूर्व रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है ,कई मामलों में उन पर मुकदमा चल हो यदि मुकदमा ना भी रहा हो लेकिन भ्रष्टाचारी रहे हैं। ऐसे में फिर भी इन महत्वपूर्ण पदों पर उन्हें सेवानिवृत होने के पश्चात बैठा दिया जाता है, जो कि झारखंड राज्य के लिए अच्छा नहीं है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार ऐसे महत्वपूर्ण पदों पर राज्य स्तर पर सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले साफ सुथरा छवि ईमानदार समाजसेवी व्यक्तित्व के लोगों को बनाया जाना चाहिए और सरकार को पुर्व आइएएस की फोबिया से झारखण्ड को बाहर निकालना चाहिए। सरकार वैसे व्यक्ति को अध्यक्ष, सदस्य रखने पर विचार क्यों नहीं करती है, जिन्हें समाज की चिंता है। वैसे व्यक्ति अपने पद का दुरुपयोग नहीं करेंगे और ना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देंगें।

### भीम ऐप के ब्रांड एंबेसडर बने एमएस धोनी, डिजिटल पेमेंट्स को मिलेगा बढ़ावा

**रांची:** एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल) ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भीम पेमेंट्स ऐप का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कंपनी के अनुसार यह कदम स्केल, समावेशन और यूजर भरोसे को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। एनबीएसएल की प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललिता नटराज ने कहा कि डिजिटल पेमेंट्स के विस्तार के साथ अब फोकस यूजर भरोसे को बढ़ाने पर है, जबकि धोनी ने ऐप की सरलता और सुलभता को इसकी खासियत बताया। कंपनी के मुताबिक ‡भारत का अपना पेमेंट्स ऐप‡ के रूप में भीम ने देशभर में अपनी पहुंच बढ़ाई है और 15 से अधिक क्षेत्रीय भाषाओं व कम इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों के लिए भी अनुकूलित किया गया है।

### बड़ी बैटरी, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7360 टर्बो चिप और एआई टूल्स के साथ वीवो वाई51 प्रो 5जी हुआ लॉन्च

**रांची :** वीवो इंडिया ने आज अपने वाई सीरीज में नया स्मार्टफोन वीवो वाई51 प्रो 5जी लॉन्च किया। नया वाई51 प्रो उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो स्मूथ और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ इमर्सिव एंटरटेनमेंट चाहते हैं। यह स्मार्टफोन ऐसा अनुभव देता है जो रोजमर्रा की तेज और बदलती दिनचर्या के साथ कदम मिलाकर चलता है।लंबे समय तक चलने वाली परफॉर्मेंस, स्मूथ मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के आसान इस्तेमाल पर खास ध्यान देते हुए यह डिवाइस वीवो की उस सोच को दिखाता है जिसमें वह ऐसे प्रैक्टिकल इनोवेशन लाना चाहता है जो प्रोडक्टिविटी और एंटरटेनमेंट दोनों में मदद करें और वाई सीरीज के पोर्टफोलियो में लंबे समय तक वैल्यू दें।वीवो वाई 51 प्रो 5जी में बड़ी 7200`अँ बैटरी दी गई है और यह मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7360 टर्बो चिपसेट से पावर्ड है। इसमें बेहतर मजबूती के लिए आईपी68 और आईपी69 रेटिंग दी गई है और 50 एमपी एचडी वाइड-एंगल मेन कैमरा के साथ 4ङ वीडियो रिकॉर्डिंग का सपोर्ट भी मिलता है।

### मत्स्य बीज उत्पादन से जुड़कर आमदनी बढ़ाएं : अमरेन्द्र कुमार



**रांची।** झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के दिशा-निर्देश के आलोक में बुधवार को मत्स्य बीज उत्पादकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ मत्स्य निदेशालय के निदेशक अमरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रांची, जमशेदपुर, खूंटी, जामताड़ा तथा पलामू जिले के मत्स्य कृषकों ने भाग लिया। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 30 बैच में विभिन्न जिलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। निदेशक मत्स्य अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि मत्स्य बीज उत्पादन एक मौसमी कार्य है, जिसे अपनाकर किसान स्वरोजगार से जुड़ सकते हैं। प्रशिक्षण के उपरांत स्वनियोजित होने के लिए अनुदान पर मत्स्य स्पॉन, फीड तथा फ्राई कैचिंग नेट के साथ साथ रिचार्ज कूपन भी सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। ब्लाक चेन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवा कर अपने जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा अनुशंसित कृषक ही इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर मनोज कुमार ठाकुर, (उप मत्स्य निदेशक), संजय कुमार गुप्ता, (उप मत्स्य निदेशक) सहित विभिन्न जिलों से आए कृषक उपस्थित थे।

# पश्चिम बंगाल में भाकपा माले वाम फ्रंट के साथ मिलकर 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी : दीपांकर भट्टाचार्य

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** भाकपा माले महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में जो एसआईआर में 60 लाख लोगों के वोट देने के अधिकार को अधर में लटका दिया गया है। इस स्थिति में चुनाव होना लोकतंत्र का मजाक है। एसआईआर के जरिए भाजपा चुनाव आयोग का इस्तेमाल करते हुए पश्चिम बंगाल में भारी संख्या में महिलाओं और अल्पसंख्यको को मताधिकार से वंचित कर रही है। मतदाता सूची अभी तक तैयार नहीं है। चुनाव आयोग की स्थिति आपत्तिजनक है। बंगाल के गवर्नर को बदल दिया गया है। तमिलनाडु के विवादास्पद गवर्नर को मोदी सरकार ने नियुक्त किया है जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने भी आलोचना की है। बंगाल के मुख्य सचिव, मुख्य गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक को बदल कर मोदी पुलिस-प्रशासन को पहले ही पूरी तरह से अपने प्रभाव में ले लिया है। चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा साम दाम दंड भेद की नीति अपना रही हैं। बंगाल चुनाव में भाकपा माले वाम फ्रंट के साथ मिलकर 10 सीट पर चुनाव लड़ेगी और मजबूत वाम पक्ष तैयार करेगी।



असम के वृहतर गठबंधन में भाकपा माले शामिल है और कुछ सीटों पर उम्मीद्वार खड़ी करेगी। तमिलनाडु में भाकपा माले 15 सीट पर चुनाव लड़ेगी और शेष सीटों पर उ्द्धङ गठबंधन के साथ मिलकर काम करेगी । केरल में कन्नूर, त्रिवनपुरम , त्रिशूल जिलों में 3 सीट पर लड़ेंगे।
रमजान के महीने में ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा अचानक किए गए हमले में भारत का रूख शर्मनाक है। युद्ध के मामले में भारत को चुप्पी तोड़नी चाहिए। कम से कम भारत के एक करोड़ मजदूर युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में फंसे हुए हैं। अमेरिका-इजरायल की पक्षधरता न के भारत की संप्रभुता बल्कि इसके आर्थिक हितों पर भी चोट कर रही है। भारत तेल और छढऋ का संकट इसकी अभिव्यक्ति है। ईरान के सर्वोच्च नेता के मारे जाने के बावजूद भारत के प्रधानमंत्री का कोई प्रतिक्रिया नहीं देना और 5 हफ्ते बाद विदेश सचिव को भेजना कूटनीतिक विफलता का नतीजा है। यह ईरान के साथ भारत के पारंपरिक संबंधों के विपरीत है। भारत का रूख युद्ध के खिलाफ रहा है। मोदी सरकार की कूटनीतिक विफलता ने भारत के अंतर्राष्ट्रीय सम्मान को क्षतिग्रस्त किया है। 19 तारीख को सुप्रीम कोर्ट में यूजीसी रेगुलेशन को लेकर फैसला आने वाला है। हम यूजीसी लागू किए जाने के पक्ष में आवाज बुलंद कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त 18 मार्च को रांची में नरेगा को लेकर, रसोई गैस को लेकर, राजभवन के समक्ष जनसुनवाई है। हम मनरेगा को पुनः वापस लाने की अपील करते हैं।

## झारखंड में 20 मार्च को ओलावृष्टि व वज्रपात का अलर्ट, 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी आंधी

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**



**रांची :** राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में मौसम ने करवट ले ली है। मौसम विभाग ने 20 मार्च को राज्य में गर्जन के साथ वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।
मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की संभावना है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।
विभाग ने बताया कि 21 मार्च तक राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश, गर्जन और वज्रपात की स्थिति बनी रह सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जो मौसम के आंशिक रूप से खराब रहने का संकेत देता है।
तापमान की बात करें, तो पिछले 24 घंटों में डाल्टनगंज में सबसे अधिक 36.8 डिग्री सेल्सियस और कोडरमा में सबसे कम 14.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।
बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन बीच-बीच में आंशिक बादल छाए रहे, जिससे धूप की तीव्रता कुछ कम महसूस की गई।
गौरतलब है कि राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में पिछले चार-पांच दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। इस दौरान बादल, बारिश और तेज हवाओं के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।
बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री और न्यूनतम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34.1 और न्यूनतम 23.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 19.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.2 और न्यूनतम 20.5 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 34.8 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।
मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने, खुले स्थानों से दूर रहने और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

### भारत डॉलर नहीं रुपया में व्यापार करे : अन्नावादी पार्टी

**रांची :** भारत सरकार को अपनी विदेश व्यापार नीति में संसोधन करते हुए वैस्विक स्तर पर और खास कर पड़ोसी एवम एशियाई वा खाड़ी देशो से बिना किसी दबाव में आये डॉलर के बजाये रुपया में व्यापार करनी चाहिए। चुंकि दुनियां परिवर्तन की दौर से गुजर रही है और सभी देश अपनी हित साधने में लगी है ऐसे में भारत को भी पीछे नहीं रहना चाहिए। यदि भारतीय मुद्रा रुपया में कारोबार होता है तो रुपया मजबूत होगा देश को आर्थिक स्वतंत्रता मिलेगी गरीबी दरों में कमी आएगी इन्फेलेशन कम होगा पड़ोसी वा अन्य देशो से रिश्ते मजबूत होंगे उक्त बातें अन्नावादी इंसाफ पार्टी के केंद्रीय संयोजक अधिवक्ता कफीलूर रहमान ने एक विज्ञप्ति जारी कर कही।

## मनरेगा और विबीग्रामजी के मुद्दे पर भाकपा माले और झामस ने लोकभवन के समक्ष की जनसुनवाई

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ एक विस्तृत आरोप-पत्र पेश किया गया। इस जनसुनवाई में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, मजदूर, किसान और विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। संचालन विनोद कुमार सिंह ने किया, जबकि आरोप-पत्र आर.डी. मांझी द्वारा प्रस्तुत किया गया।
जनसुनवाई में प्रस्तुत आरोप-पत्र में महंगाई, बेरोजगारी, मजदूरी संकट और मनरेगा को कमजोर करने जैसे गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। आरोप-पत्र में कहा गया कि मनरेगा में मजदूरी पर पूरी जिम्मेदारी केन्द्र पर थी। योजना में केन्द्र और राज्य की हिस्सेदारी क्रमशः 90:10 था। विबीग्रामजी में यह क्रमशः 60:40 कर दिया गया है। काम के घंटे बढ़ाएं गए हैं, दैनिक मजदूरी और हड़ताल के अधिकार पर भी





लगभग पाबंदी लगाई गई है। मौजूदा नीतियों के कारण गरीब, मजदूर, किसान और हाशिये के तबके सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इसमें यह भी आरोप लगाया गया कि केंद्र सरकार की नीतियां कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाली हैं, जबकि आम जनता के अधिकारों को लगातार कमजोर किया जा रहा है। साथ ही, झारखंड सरकार पर भी जमीन अधिग्रहण, संसाधनों के निजीकरण और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की अनदेखी करने के आरोप लगाए गए।
इस दौरान दीपंकर भट्टाचार्य ने अपने संबोधन में कहा, मनरेगा देश के गरीबों के लिए केवल एक योजना नहीं, बल्कि जीवनरेखा है। इसे विबीग्रामजी के माध्यम से कमजोर करना सीधे तौर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गरीबों की आजीविका पर हमला है।
जनसुनवाई में संबोधन भाकपा माले राज्य सचिव मनोज भक्त, राजधनवार से पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जयंती चौधरी, राइट टू फूड अभियान से सिराज दत्ता, जेम्स, झारखंड में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता दयामणि बारला के साथ अन्य सदस्यों ने संबोधन किया। न्यायिक मंच में जनार्दन प्रसाद, सुषमा मेहता, अलमा खलखो और उस्मान अंसारी शामिल रहे। मंच के सदस्यों ने कहा कि जनसुनवाई में सामने आए मुद्दे गंभीर हैं और इन पर ठोस कार्रवाई और लड़ाई जारी रखने की आवश्यकता है।

## 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप के लिए विभिन्न उपसमितियों का गठन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** आगामी 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए आज मोराबादी स्थित स्टेडियम परिसर में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता के सुचारु संचालन के लिए विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया। आयोजन समिति का गठन इस प्रकार किया गया है : आयोजन संरक्षक : सुनील कुमार (आईएएस), दिलीप तिर्की, आयोजन चेयरमैन : सुनील सूर्यांत, आयोजन अध्यक्ष : उदय साहू
आयोजन महासचिव : शिवेंद्र नाथ दुबे, आयोजन कोषाध्यक्ष : मनोज कुमार साहू।
गठित उपसमितियाँ : स्वागत समितिः अध्यक्ष : सुनील यादव, उपाध्यक्षः शैलेन्द्र कुमार, परिवहन समितिः अध्यक्ष -मनोज कुमार महतो, उपाध्यक्ष - कुणाल साह, सदस्य- अनीश गिरी। आवास समिति : अध्यक्ष- प्रकाश गोप, उपाध्यक्ष : कौशिक दत्ता, सदस्य-सुमित घोषाल। भोजन समिति
अध्यक्ष- मिथलेश साहू, उपाध्यक्ष -वेद रत्न चौधरी , उपाध्यक्ष - राजीव रंजन, सदस्य -सौरभ शंकर।
समारोह समिति : अध्यक्ष- राजकुमार जैन, उपाध्यक्ष-श्रीमती रोमेला घोष, सदस्य -संदीप कुमार चिकित्सा समिति : अध्यक्ष - अजीत सिन्हा, उपाध्यक्ष :डॉ. अंशु साहू, मीडिया एवं प्रचार समिति अध्यक्ष : चंचल भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष-कुमुद रंजन, स्वयंसेवक समिति : अध्यक्ष -डॉ. कविता सिंह, उपाध्यक्ष- प्रदीप मिर्धा, उपाध्यक्ष - परमेश्वर कुमार, सदस्य - निशांत तिर्की।
सुरक्षा समिति : अध्यक्ष : अंगद सिंह, उपाध्यक्ष : संजय साहू, उपाध्यक्ष : सौरभ शंकर।
स्टेडियम प्रबंधन समिति : अध्यक्ष : उमा रानी, उपाध्यक्ष-एस. वाहिद अली। प्रतियोगिता प्रबंधन समिति : अध्यक्षः अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, उपाध्यक्ष : रंजीत कुमार।
बैठक में सभी पदाधिकारियों से अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

## सरहुल पर्व की तैयारी तेज, रांची में महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** झारखंड का प्रमुख आदिवासी प्रकृति पर्व सरहुल इस वर्ष 21 मार्च को पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। पर्व के मद्देनजर बुधवार को कांके रोड स्थित पूर्व महापौर अशोक कुमार सिंह के वार्ड संख्या-2 स्थित आवास पर मिसिरगोंदा क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक विशेष बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरहुल पर्व से पूर्व समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करना और सामुदायिक एकता को मजबूत करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और पारंपरिक तरीके से आयोजन को सफल बनाया।
कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं को पारंपरिक लाल पाड़ साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पारंपरिक व्यंजनों के साथ सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग और भी गहरा हो गया।

**WIZZMONI FINANCIAL SERVICES LIMITED**
(formerly Unimoni Financial Services Limited)
RO: N.G. 12 & 13 Ground Floor, North Block, Manipal Centre, Dickenson Road, Bangalore - 560 042. CIN No. U85110KA1995PLC018175

**PUBLIC NOTICE**

यह जनता को सूचित करने के लिए है कि गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी **WIZZMONI FINANCIAL SERVICES LIMITED (formerly Unimoni Financial Services Limited)** द्वारा **23.03.2026** को सुबह **10:00** बजे नीचे दिए गए संबंधित केंद्रों पर की जाएगी। नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषण हमारे विभिन्न ग्राहकों के ऋण खातों से संबंधित हैं, जो अपना बकाया चुकाने में विफल रहे हैं। नीलामी के हमारे नोटिस इन उधारकर्ताओं को विधिवत जारी किए गए हैं। नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषण हमारे विभिन्न ग्राहकों के अतिदेय ऋण खातों से संबंधित हैं, जिनका उल्लेख शाखा के नाम के साथ किया गया है।

**Auction Centre Address & Loan Nos: JHAMSHEDPUR (JHA - Ist Floor, Holding No 89/Aakash Building, Water Works Rosakchi, Jamshedpur -831001, Contact: 9334064424) 2206079, 2179509, 2177274.**

(Reserves the right to alter the number of accounts to be auctioned &/ postpone / cancel the auction without any prior notice)

**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## बसंत मेले के दूसरे दिन खूब हुई खरीदारी,गणगौर सिंधारा का हुआ आयोजन, महिलाएं खूब की मस्ती

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच के बसंत मेले के दूसरे दिन 18 मार्च को महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। स्टॉल में सुबह से ही काफी रौनक लगी हुई थी। सारी स्टॉल वाली बहने काफी खुश नजर आ रही थी । हाथ से बने हुए सामानों की लोगों ने काफी तारीफ की। हाथ के बने हुए केक, पेस्टी, चॉकलेट पॉप्स बच्चों और महिलाओं को काफी पसंद आए, लड्डू गोपाल की पोशाक एवं गहनों की महिलाओं ने खूब सराहना की। शाम को गणगौर के उपलक्ष्य में बहू बेटियों का सिंधारा किया गया जिसमें सृजन शाखा की बहू बेटियों ने गणगौर के उपलक्ष्य में एक



गणगौर पूजा को दशार्या गया किस तरह हम लोग 16 दिन गणगौर पूजा करते हैं सभी बहनों ने एक साथ मिलकर गणगौर की पूजा की।
पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में महिलाएं राजस्थानी गीतों पर नृत्य किया जिससे वातावरण पूरी तरह रंगीन और खुशहाल हो गया। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंधारा अर्पित किया और साथ ही बसंत के मौसम का आनंद लिया इस मौके पर सभी ने एकजुट होकर पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत किया और पुराने रीति रिवाज को जीवित रखा। बहनों ने लजीज व्यंजनो का लुत्फ उठाया। सभी बहनों ने खूब मस्ती की। सृजन शाखा की अध्यक्ष नेहा सरावगी अपनी टीम के साथ उपस्थित थी।
इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपा अग्रवाल, नैना मोर, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, अनुसूया नेवटिया, रीना सुरेखा, बीना मोदी, मंजू केडिया, प्रीती बंका, मंजू गाड़ोदिया, प्रीती पोद्दार, छाया अग्रवाल, सीमा पोद्दार, सरिता मोदी, सुनीता सरावगी, सीमा टाटिया, सरिता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, लक्ष्मी पाटोदिया, प्रीति फोगला, शोभा हेतमसरिया, करुणा अग्रवाल, मीना अग्रवाल, कमला विजयवर्गीय, ललिता नारसरिया सहित अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that the below mentioned Authorised Person is no longer affiliated as Authorised Person of Kotak Securities Limited.

| Authorised Person Name | Trade Name | Exchange Registration Numbers of Authorised Person | Address of Authorised Person |
|---|---|---|---|
| GANESH KUMAR SAHU | GANESH KUMAR SAHU | NSE - AP0291108171 | Shop No 10 Jadugoda Market Near Jadugoda Post Office East Singhbhum Jadugoda Mines 832102 |

Please note that above mention Authorised Person (AP) is no longer associated with us. Any person henceforth dealing with above mention AP should do so, at their own risk. Kotak Securities Ltd. shall not be liable for any such dealing. In case of any queries for the transactions till date, Investors are requested to inform Kotak Securities Ltd. within 15 days from the date of this notification, failing which it shall be deemed that there exists no queries against the above mentioned AP.

kotak Kotak Securities Kotak Securities Limited. Registered Office: 27 BKC, C 27, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400051. CIN: U99999MH1994PLC134051, Telephone No.: +22 43360000, Fax No.: +22 67132430. Website: www.kotak.com / www.kotaksecurities.com. Correspondence Address: Infinity IT Park, Bldg. No 21, Opp. Film City Road, A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400097. Telephone No: 42856825. SEBI Registration No: INZ000200137 (Member of NSE, BSE, MSE, MCX & NCDEX), AMFI ARN 0164, PMS INP000000258, and Research Analyst INH000000586. NSDL/CDSL: IN-IN-DP-629-2021. Compliance Officer Details: Mr. Hiren Thakkar Call: 022-4285 8484, or Email: ks.compliance@kotak.com.

**जन अधिसूचना**

**दक्षिण पूर्व** रेलवे के निम्न वर्णित खण्ड के पूरा हो चुके खण्ड पर स्थित रेल लाइनों एवं परिसरों का इस्तेमाल करने वाले सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि खण्ड के तहत उल्लिखित तिथि को या उसके बाद 25000 वोल्ट, 50 हट्र्ज, ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन वायर ऊर्जीकृत किया जाएगा। दिनांक **22.03.2026** से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन हर समय सक्रिय मानी जाएगी एवं कोई अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के पास न जाएगा और न ही उसके समीप कार्य करेगा। **खण्ड का नाम**: दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल की हटिया से बंडामुंडा के बीच दोहरीकरण कार्य परियोजना के संबंध में, कानारोवां (यार्ड सहित) किमी 524/36 (चै.524/983.00) से टाटी (यार्ड सहित) किमी 539/26 (चै.539/474.00) तक नई जॉइंट लाइन नं. 2 के 25 केवी ओएचई का ऊर्जीकरण। **ऊर्जीकरण की तिथि: 22.03.2026**

(PR-1320) उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), राउरकेला

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# अंधेरे में गोली चलाकर भागने वाले अपराधियों पर कसा जाएगा शिकंजा : एसपी

## रामगढ़ पुलिस एक-47 से हुई लैस, अपराधियों की खैर नही

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

### पतरातू क्षेत्र में पुलिस की रहेगी विशेष गतिविधि

**रामगढ़।** जिले में संगठित अपराध पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को पुलिस ने भी ताल ठोक कर स्वीकार किया है। रामगढ़ जिले की पुलिस अब अत्याधुनिक व ऑटोमेटिक हथियार के साथ पेट्रोलिंग करेगी। अब अपराधी अपने मंसूबे को अंजाम नहीं दे पाएंगे। जिले का हर थाना और ओपी एक-47 से लैश हो गया है। किसी भी क्षेत्र में अगर अपराधी गोली चलाकर पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें भी पुलिस की गोली नहीं बख्शेगी।





**अंधेरे में गोली चलाकर भागने वाले अपराधियों पर कसा जाएगा शिकंजा : एसपी**

एसपी अजय कुमार ने बताया कि रामगढ़ पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने के लिए तैयार है। जितने भी अपराधी जिले में किसी वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे, उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। कुछ अपराधी जिले से तड़ीपार कर दिए गए हैं। कुछ ऐसे अपराधी भी हैं जो अपने को सरगना बताते हैं। लेकिन उन लोगों ने भी रामगढ़ की धरती को छोड़कर किसी दूसरे स्थान पर शरण ले लिया है। इन सब के बावजूद संगठित अपराध से जुड़े लोगों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। सभी पुलिस पदाधिकारी को हाईटेक हथियार से लैस किया गया है, ताकि अंधेरे में गोली चलाकर भागने वाले अपराधियों पर भी शिकंजा कसा जा सके।

**पतरातू क्षेत्र में पुलिस की रहेगी विशेष गतिविधि**

संगठित अपराध की जड़ें पतरातू से जुड़ी हुई हैं। श्रीवास्तव गैंग, पांडे गिरोह, अमन साहू जैसे गिरोह के सदस्य पतरातू क्षेत्र में अधिक सक्रिय रहते हैं। इसलिए पतरातू क्षेत्र में पुलिस की गतिविधि भी काफी अधिक रहेगी। पतरातू, भुरकुंडा, भदानीनगर, बरकाकाना इलाके में पुलिस संगठित अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसके अलावा कोलियरी क्षेत्र में भी अपराधी व्यापारियों को धमकी देते हैं। उन इलाकों में भी पुलिस अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही है।

# उपद्रवियों से निपटने के लिए रामगढ़ पुलिस तैयार, हुआ मॉक ड्रिल

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

### असामाजिक गतिविधि में शामिल लोगों पर होगी कार्रवाई:एसपी

**रामगढ़।** जिले में ईद, सरहुल और रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील की गई है। इन सब के बावजूद उपद्रवियों से निपटने के लिए रामगढ़ पुलिस ने कमर कस ली है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ उपद्रवियों से निपटने के लिए भी पुलिस ने तैयारी कर ली है। बुधवार की शाम पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आगजनी और उपद्रव कर रहे लोगों से पुलिस की टीम सख्ती से निपटी। बुलेट प्रूफ जैकेट, बॉडी सिल्ड और डंडे के साथ पुलिस ने अपना आक्रामक रूप दिखाया। उपद्रव कर रहे लोगों को डंडे के सहारे शांत किया गया और रस्सी से जाकर उनका आंदोलन खत्म किया गया।



**सामाजिक गतिविधि में शामिल लोगों पर होगी कार्रवाई एसपी**

एसपी अजय कुमार ने बताया कि जिले में त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील पहले ही की गई है। सारे जुलूस निर्धारित मार्गो से निकलेंगे। डीजे को पूरी तरीके से प्रतिबंधित किया गया है। आपत्तिजनक और भड़काऊ गाने का प्रयोग नहीं होगा। सोशल मीडिया पर तथ्यहीन, भ्रामक, गलत सूचना, फोटो, वीडियो एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रख रही है। असामाजिक गतिविधि में शामिल लोगों पर तत्काल कार्रवाई होगी। जिले के सभी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया है। ताकि गलत मंसूबे पालने वाले का मनोबल खत्म हो। साथ ही आम नागरिकों के बीच सुरक्षा का भाव जगे।

**शहर के संवेदनशील इलाकों में निकल गया फ्लैग मार्च**

शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि थाना चौक से शुरू हुआ फ्लैग मार्च झंडा चौक, चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, दुसाध मोहल्ला, गोलपार, पुरनी मंडप, नईसराय आदि इलाकों से होकर गुजरा।

**ये थे उपस्थित**

सार्जेंट मेजर मंटू यादव, एसआई बीरबल हेंब्रम, एसआई मंजेश कुमार सिंह, एसआई संतोष कुमार, लाइन बाबू अनंत सिंह सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## कृषि अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर विधानसभा में मुखर हुई ममता देवी

**रामगढ़।** जिले में कृषि एवं उससे जुड़े विभागों की अनुपस्थिति का मुद्दा एक बार फिर विधानसभा तक पहुंच गया है। रामगढ़ की विधायक ममता देवी ने सदन में इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि जिला बने लगभग दो दशक बीत जाने के बाद भी कई महत्वपूर्ण विभागों की मूलभूत व्यवस्था आज तक स्थापित नहीं हो पाई है, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है।

**जिला बनने के बाद भी अधूरा प्रशासनिक ढांचा**

विधानसभा में बोलते हुए विधायक ने कहा कि रामगढ़ को हजारीबाग से अलग होकर जिला बने करीब 20 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन आज भी कृषि से जुड़े कई प्रमुख पदों के लिए न तो स्थायी कार्यालय हैं और न ही नियमित पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। विधायक ने विशेष रूप से जिला कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी का नियुक्ति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इन पदों पर नियुक्ति नहीं होने से सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है।

**किसानों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का पूरा लाभ**

विधायक ने कहा कि कृषि विभाग से संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, सरकारी अनुदान, बीज व उर्वरक से जुड़ी योजनाए, भूमि संरक्षण एवं सिंचाई सलाह समय पर नहीं मिल पा रही है। उन्होंने सदन में कहा कि यदि जिले में सभी संबंधित विभागों के कार्यालय स्थापित किए जाएं और नियमित पदाधिकारी तैनात हों, तो कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# जिला स्तरीय 'बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान' प्रदर्शनी मेला का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

### बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की क्षमता को विकसित करना ही एफएलएन का उद्देश्य : संजीत कुमार

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय एफएलएन (बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान) प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, विशिष्ट अतिथि पीएम श्री विद्यालय के राज्य प्रभारी शशि सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन, उपेंद्र कुमार और विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार अनल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर उन्हें पौधा देकर और शॉल ओढ़कर स्वागत किया गया।



**प्रदर्शनी मेला में जिले के इन विद्यालयों ने लिया भाग**

जिला स्तरीय एफएलएन प्रदर्शनी मेला में पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट चितरपुर, पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू गोला, पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय कूल्ही दुलमी, पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय मनुवा मांडू, पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय तापीन मांडू, पीएम श्री मध्य विद्यालय मँझिला टोला रामगढ़, पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोईरीटोला रामगढ़, पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली पतरातु ने भाग लिया।

**इन विद्यालय को किया गया सम्मानित**

टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) के माध्यम से बच्चों की ओर से कई प्रकार मॉडल बनाकर प्रदर्शनी लगाया गया। प्रदर्शनी मेला में पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मनुवा मांडू को बेहतर मॉडल बनाकर प्रदर्शन करने पर प्रथम स्थान, पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट चितरपुर को द्वितीय स्थान और पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू को तृतीय स्थान मिला।



सभी विजेता विद्यालयो के मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा एसएमसी के सभी अध्यक्ष को विद्यालय में बेहतर कार्य करने के लिए शॉल ओढाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

**बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की क्षमता को विकसित करना ही एफएलएन का उद्देश्य : संजीत**

इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने सभी मॉडलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कहा कि टीएलएम मॉडल आधारित शिक्षण से बच्चे किताबी ज्ञान के साथ-साथ अपने वातावरण में पाए जाने वाले विभिन्न सामग्रियों से अनुभव कर सीखने का प्रयास करते हैं। टीएलएम प्रदर्शनी में सभी प्रतिभागियों ने एफएलएन के भाषा विकास और गणितीय संक्रियाओं को आधार मानकर टीएलएम निर्माण किया गया जो बुनियादी स्तर के बच्चों को सीखने सिखाने में सहज और मनोरंजन पूर्ण साबित होगे।

बच्चे कठिन विषय को भी सहज तरीके से सीख सकते है। जबकि, पीएम श्री के राज्य प्रभारी शशि सिंह ने कहा कि इस तरह के मेले से बच्चे उत्साहित होकर आपने अपने विद्यालय में मॉडल बनाकर अपने आगे बढ़ने अवसर मिलता हैं। वहीं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने कहा कि ऐसे मॉडल बनाने वाले बच्चे ही भविष्य में जाकर वैज्ञानिक बनकर राष्ट्र की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**ये थे उपस्थित**

मौके पर इस प्रदर्शनी के ज्यूरी सदस्य में सुमित्रा कुमारी, मिथलेश कुमार रविदास, डॉ.रूपम कुमारी,अंजू सिंह,संजय राय, सतेन्द्र कुमार सिंह, हरेन कुमार कुशवाहा ने भूमिका निर्वहन कर रहे थे। इसके अलावा एपीओ कुमार राज, तजिंदर कौर, जितेंद्र कुमार महतो, सुरेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार रविदास, शेखर कुमार, दीपक कुमार सिंह, सुनील कुमार, तेजू कुमार मुंडा, अजीत कुमार तिवारी, मनीष कुमार सिंह, संजय कुमार, अनीता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हिन्दू नववर्ष पर रामगढ़ आएंगे डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

### सभा और रोड शो की तैयारी में जुटे समर्थक

**रामगढ़।** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया का गुरुवार को रामगढ़ आगमन प्रस्तावित है। उनके स्वागत को लेकर जिले भर के विभिन्न हिन्दू संगठनों में उत्साह देखा जा रहा है और कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए हिन्दू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि डॉ. तोगड़िया सड़क मार्ग से रामगढ़ पहुंचेंगे और उनके स्वागत के लिए कई स्थानों पर कार्यक्रम तय किए गए हैं।



**सिद्धू कान्हु मैदान से होगा स्वागत कार्यक्रम**

प्राप्त जानकारी के अनुसार संध्या करीब 5 बजे सिद्धू कान्हू मैदान बाजार टांड़ में सनातन प्रेमियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद रोड शो के माध्यम से उनका काफिला शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगा।

**थाना चौक से सुभाष चौक तक रोड शो**

कार्यक्रम के अनुसार थाना चौक होते हुए लगभग सवा पांच बजे सत्कौड़ी कॉम्प्लेक्स के समीप बजरंग क्लब के युवाओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद जुलूस की शक्ल में काफिला आगे बढ़ते हुए सुभाष चौक पहुंचेगा।

**दुर्गा मंदिर के समीप होगा उद्बोधन**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार करीब साढ़े पांच बजे सुभाष चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप डॉ. तोगड़िया सभा को संबोधित करेंगे, जहां बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

**दूसरी बार रामगढ़ आगमन को लेकर उत्साह**

दीपक मिश्रा ने बताया कि डॉ. प्रवीण तोगड़िया का यह दूसरा रामगढ़ दौरा है, जिसको लेकर कार्यकताओं और सनातन समर्थकों में खासा उत्साह है। उन्होंने जिले भर के लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा एवं व्यवस्था की तैयारी भी स्थानीय स्तर पर की जा रही है ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## पीवीयूएनएल ने रामगढ़ स्वास्थ्य विभाग को दिया अत्याधुनिक एएलएस एम्बुलेंस, आपातकालीन सेवाओं को मिलेगी मजबूती

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**पतरातू।** आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, पीवीयूएनएल ने अपने सामुदायिक विकास (सीडी) पहल के अंतर्गत रामगढ़ स्वास्थ्य विभाग को एक अत्याधुनिक एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस प्रदान की। यह एम्बुलेंस सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है, जो गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को त्वरित एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने में सहायक होगी। इस एएलएस एम्बुलेंस का औपचारिक हस्तांतरण बुधवार को पीवीयूएनएल के जियाउर रहमान होहर द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी तनमोय मिश्रा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन ने कहा कि यह एएलएस एम्बुलेंस स्वास्थ्य विभाग की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगी। साथ ही गंभीर रोगियों को समय पर जीवनरक्षक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए पीवीयूएनएल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# घर-घर पहुंच रही डाक विभाग की योजनाएं

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

### अधिकारियों के निर्देश पर चल रहा जनजागरूकता अभियान

**रामगढ़।** डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से हजारीबाग डाक प्रमंडल के निर्देश पर जिले भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को डाक कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को विभिन्न बचत, बीमा और निवेश योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।इस दौरान खाता खोलने का कार्य भी किया जा रहा है।

**अधिकारियों के निर्देश पर चल रहा विशेष अभियान**

यह अभियान डाक अधीक्षक निरंजन कुमार, सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान, डाक निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय के दिशा-निर्देश पर संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि डाक विभाग की योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोग इसका लाभ उठा सकें।

**थाना प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात**

अभियान के तहत रामगढ़ सब डिवीजन के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने अपने सहकर्मी शुभम सौरव के साथ रामगढ़ थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने डाक विभाग की ओर से गंगाजल तथा विभाग का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया और विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।

**बीमा और बचत योजनाओं की सराहना**

थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे ने कहा कि आज के समय में सुरक्षित जीवन के लिए बीमा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी और भरोसेमंद बीमा योजनाओं में डाक विभाग की बीमा योजनाएं प्रमुख हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पहले लोगों को जानकारी के लिए डाकघर जाना पड़ता था, लेकिन अब डाक कर्मचारी स्वयं घर-घर जाकर योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं, जो सराहनीय कार्य है। उन्होंने डाक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की प्रशंसा की।

**कई योजनाओं में खोले गए खाते**

मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने बताया कि अभियान के दौरान कई लोगों के डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, बचत खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, भविष्य निधि खाता, आवर्ती जमा खाता खोले गए हैं।

## सार-संक्षेप

### सीसीएल ने रामगढ़ कॉलेज को दिया 9 अलमारी

रांची एक्सप्रेस

**रामगढ़।** कॉलेज को समृद्ध बनाने के लिए सीसीएल ने भी कॉलेज प्रबंधन को सहयोग किया है। बुधवार को कॉलेज प्रबंधन को 9 अलमारी उपलब्ध कराया गया। रामगढ़ कॉलेज की प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय के अनुरोध पर महाविद्यालय को सीसीएल के बरककाना स्थित सेंट्रल रिपेयर शॉप द्वारा सीएसआर के तहत नौ स्टील अलमारी दिया है। रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ को अलमीरा प्राप्त होने के बाद महाविद्यालय की प्राचार्या ने जीएम को पत्र भेज कर आभार व्यक्त किया है।

### रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर रजरप्पा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रजरप्पा।** रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व को लेकर बुधवार को रजरप्पा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चितरपुर सीओ दीपक मिंज ने की। बैठक में मुख्य रूप से रजरप्पा के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, अवर निरीक्षक रोहित राज सिंह एवं रंजीत कुमार महतो उपस्थित थे। इस दौरान सभी त्योहारों को आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। सीओ दीपक मिंज ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के निदेर्शानुसार डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, ताकि नवजात बच्चों, बुजुर्गों और हृदय रोगियों को परेशानी न हो। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि त्योहार धूमधाम से मनाएं, लेकिन कानून-व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। रामनवमी का जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाला जाएगा और रात 10 बजे तक ही बाजा बजाने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शराबबंदी के लिए आप गुप्त सूचना दें, पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की भट्ठियों को ध्वस्त करने का कार्य करेगी। खुले में मांस की बिक्री पर भी प्रतिबंध रहेगा। अखाड़ा समिति के सदस्यों को जुलूस के दौरान 5-10 वॉलिंटियर्स नियुक्त करने, उन्हें बैज देने और फर्स्ट एड किट रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही जुलूस में किसी भी व्यक्ति के शराब सेवन कर शामिल होने पर रोक लगाने की बात कही गई। संचालन झारखंड आंदोलनकारी चंद्रशेखर पटवा ने किया। बैठक में दुलमी प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख धर्मधीर महतो, चितरपुर प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, उपप्रमुख अरशद उल्लाह, बड़कीपोना मुखिया अरविंद कुमार सिंह, चितरपुर पूर्वी मुखिया भानुप्रकाश महतो, होन्हे मुखिया राजीव मेहता, पूर्व मुखिया प्रदीप सिंह, मंजूर खान, हाजी बशीर अंसारी, अयोध्या प्रसाद, दिलीप प्रसाद, मलेश्वर नायक, दिवाकर नायक, राजेंद्र सोनार, सुलेमान अंसारी, अब्दुल हाकिम अंसारी, शेर बहादुर शाह, परवेज आलम, रविंद्र चौधरी, जयप्रकाश कसेरा, तारा प्रसाद, अमृत कुमार, प्रदीप कुमार, पवन कुमार, डब्लू साव, विश्वास पोद्दार, मृत्युंजय महतो, ठाकुरदास महतो, दीपक चंद्र पोद्दार, प्रदीप प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रामनवमी, ईद व सरहुल को लेकर गोला थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गोला।** रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व को लेकर बुधवार को गोला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गोला बीडीओ डॉ. सुधा वर्मा एवं सीओ सीताराम महतो ने संयुक्त रूप से की। बैठक में मुख्य रूप से गोला अंचल के पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार एवं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बीडीओ ने सभी से त्योहारों को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामनवमी जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाला जाए और डीजे का प्रयोग बिल्कुल न किया जाए। सीओ ने कहा कि त्योहार के दौरान कहीं भी किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस निरीक्षक ने रामनवमी जुलूस में वॉलिंटियर्स नियुक्त कर उन्हें आई-कार्ड देने का निर्देश दिया। वहीं, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस में कोई भी व्यक्ति शराब का सेवन कर शामिल नहीं होगा, अन्यथा विधि-व्यवस्था भंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पूर्व विधायक अर्जुन राम, प्रमुख गीता देवी, उपप्रमुख विजय ओझा, सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा, मुखिया बुलटी देवी, अलका महतो, प्यारेलाल महतो, कांग्रेस नेता कमाल शहजादा, संतोष सोनी, आजसू नेता अशोक कुमार महतो, भाजपा नेता जितेंद्र साहू, महेंद्र प्रसाद, संतोष कुशवाहा, एहशान उल हक, हरीश बर्मन, विकास मणि पाठक, पूर्व मुखिया सुरेश रजक, बजरंग महथा, प्रमोद अग्रवाल, संजय बक्शी, गोविंद मुंडा, गुलाम सरवर, सिकंदर शर्मा, कौशर रजा, सगीर अहमद, विशु रजवार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### भदानीनगर ओपी में शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण पर्व मनाने का लिया निर्णय

**भुरकुंडा।** भदानीनगर ओपी परिसर में बुधवार को सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी की अध्यक्षता में रामनवमी, ईद व सरहुल पुजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने आपसी भाईचारे को बनाए रखते हुए सभी त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने सरकार की जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। साथ ही उनका पालन सुनिश्चित करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि सभी पर्व आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें।

ओपी प्रभारी मो अख्तर अली ने विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहकर त्योहार मनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखी जाएगी और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रह सके। साथ ही आश्वासन दिया गया कि सभी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुअनि मनोज मुर्मू, रामफल बेदिया, राजेश मंडल, सागर दांगी, बालदेव राम, आजाद अंसारी सहित क्षेत्र के दर्जनों, बुद्धजीवी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# एसएसबी जवान ने की आत्महत्या रायफल से खुद को मारी गोली

रांची एक्सप्रेस संवादाता

**चतरा** : शिला पिकेट में तैनात एसएसबी के एक जवान द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. घटना मंगलवार की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार 35वीं बटालियन में तैनात जवान ने अपने ही रायफल से खुद को गोली मार ली. घटना सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला पिकेट की है, जहां वह पदस्थापित था. मृतक की पहचान प्रह्लाद सिंह, निवासी देवघर के रूप में की गई है. घटना की सूचना मिलते ही एसपी सुमित कुमार अग्रवाल व एसएसबी कमांडेंट मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है. साथ ही मृतक जवान के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है.

घटना पर खड़े हो रहे गंभीर सवाल, आखिर ट्रेंड जवान क्यूं सर्विस रायफल को कॉक कर रखेगा पास..?



इधर सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला पिकेट पर तैनात एसएसबी के जवान प्रह्लाद सिंह का शव सुबह सदर अस्पताल लाया गया, जिसके बाद अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई ने बताया कि मंगलवार की देर शाम को एसएसबी मुख्यालय से फोन आया कि प्रह्लाद को गोली लगी है, आप लोग पहुंचिए। प्रह्लाद एक महीने पहले ही छुट्टी से वापस ड्यूटी पर लौटे थे। घटना के दिन शाम करीब 5 बजे उनकी परिजनों से आखिरी बार बात हुई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि वे क्रिकेट खेलने जा रहे हैं और इसके बाद प्रार्थना सभा में शामिल होंगे। परिजनों के अनुसार, प्रह्लाद सिंह की नौकरी वर्ष 2017 में लगी थी और 2018 में उनकी शादी हुई थी। उनके पीछे एक छोटी बच्ची है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है और जवान की मौत से हर कोई स्तब्ध है। हालांकि कई लोग पुरे घटनाक्रम को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि कैंप में आखिर कोई जवान क्यों अपने सर्विस रिवॉल्वर को कॉक करके रखेगा ? यह पूरा घटनाक्रम चतरा में तैनात एसएसबी के बड़े अधिकारियों के कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा हैं। क्योंकि घटना की सूचना के बाद जब मीडिया कर्मी खबर संकलन करने सदर अस्पताल पहुंचे तो मौके पर मौजूद बटालियन के बड़े अधिकारियों ने न सिर्फ मीडिया कर्मियों से बदसलूकी की बल्कि खबर संकल्प करने से भी रोकने का प्रयास किया जो किसी बड़े संदेह को जन्म देता है। कहा जा रहा है कि अगर सब कुछ महज एक दुर्घटना ही है तो बटालियन के अधिकारी क्या कुछ छिपाना चाह रहे हैं..? इस पूरे मामले में जहाँ पुलिस और बटालियन के अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं, वहीं परिजनों ने भी लोगों से दुःख की घड़ी में सहयोग की अपील की है। कहा है की जो सूचना है उसके अनुरूप मिसफायर में प्रहलाद की जान गई है, सही घटना क्या है यह जांच का विषय है।

## सिमरिया मुख्य चौक पर जल मीनार की मांग तेज, गर्मी से राहत के लिए उठी आवाज

**सिमरिया (अनुमंडल)**: सिमरिया अनुमंडल के मुख्य चौक स्थित पार्क में एक छोटा जल मीनार स्थापित करने की मांग इन दिनों जोर पकड़ रही है। स्थानीय लोगों, राहगीरों और छोटे दुकानदारों का कहना है कि चौक क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि सिमरिया में हाल के दिनों में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर कई सराहनीय कार्य हुए हैं, जिससे शहर की छवि में सकारात्मक बदलाव आया है। ऐसे में अब स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा पर भी ध्यान देगा। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि गर्मी का मौसम जल्द ही दस्तक देने वाला है, ऐसे में अगर चौक पर जल मीनार स्थापित कर दिया जाए तो राहगीरों, ग्राहकों और दुकानदारों को बड़ी राहत मिल सकती है।

# जिले में संचालित समाज कल्याण योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा

रांची एक्सप्रेस संवादाता

**चतरा** : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY), सावित्री बाई फुले योजना, आंगनबाड़ी सेवाओं एवं पोषण कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।उपायुक्त ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को इस माह के भीतर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने का स्पष्ट निर्देश दिया।साथ ही सावित्री बाई फुले योजना के अंतर्गत 18-19 वर्ष आयु वर्ग की सभी पात्र युवतियों के लंबित आवेदनों को सीडीपीओ लॉगिन के माध्यम से शीघ्र स्वीकृत करने तथा आगामी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर अधिकाधिक आवेदन प्राप्त करने को कहा।उन्होंने लगातार असंतोषजनक कार्य करने वाली सेविकाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए तीन बार चेतावनी के



उपरांत चयनमुक्त करने की प्रक्रिया अपनाने को कहा। इसके अतिरिक्त ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस की उपलब्धता की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए गए।PMMVY योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों को लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र पोर्टल पर अपलोड कर अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। जिले में कर्मियों की कमी को देखते हुए प्रत्येक परियोजना में इंटर्नशिप के माध्यम से 5-5 कर्मियों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण उपरांत कार्ययोजना के अनुसार कार्य संपादन करने के निर्देश दिए गए।बैठक में स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए लाभुकों को अस्पताल से डिस्चार्ज के समय ही प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, NREP, PHED, जिला क्षेत्रीय प्रबंधक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।

# सांसद कालीचरण सिंह ने हंटरगंज बाईपास की मांग सदन में रखी

रांची एक्सप्रेस संवादाता

**चतरा** : स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह ने आज लोकसभा में नियम 377 के तहत अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़े एक महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे को मजबूती से उठाया। उन्होंने झारखंड के चतरा जिले के अंतर्गत हंटरगंज प्रखंड में प्रस्तावित हंटरगंज बाईपास के निर्माण को लेकर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया। सांसद ने सदन में कहा कि हंटरगंज बाईपास को लेकर पूर्व में मंत्री द्वारा एक सार्वजनिक मंच से स्वीकृति की घोषणा की गई थी, जिससे स्थानीय जनता में काफी उत्साह और उम्मीद जगी थी। लेकिन अब तक परियोजना की प्रगति को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आने से लोगों में चिंता भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि हंटरगंज बाजार से होकर भारी और यात्री वाहनों का अत्यधिक दबाव बना रहता है। लगातार लगने वाले जाम से आम नागरिकों, स्कूली बच्चों और व्यापारियों



को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़क सुरक्षा भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सांसद कालीचरण सिंह ने सरकार से आग्रह किया कि इस महत्वाकांक्षी बाईपास परियोजना की वर्तमान स्थिति, स्वीकृति प्रक्रिया, डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार होने की स्थिति, भूमि अधिग्रहण की प्रगति और निर्माण कार्य शुरू होने की संभावित तिथि के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि हंटरगंज बाईपास का निर्माण न केवल जाम की समस्या से राहत दिलाएगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई दिशा देगा।

# गौशाला परिसर में रामनवमी महासमिति की बैठक, कमिटी का हुआ विस्तार

रांची एक्सप्रेस संवादाता

**चतरा** : शहर के गौशाला परिसर में मंगलवार को चैत्र रामनवमी महासमिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रामनवमी महोत्सव को भव्य, आकर्षक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान महासमिति की नई कमिटी का भी विस्तार करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। पहले ही बैठक में सर्वसम्मति से कन्हाई पाण्डेय को अध्यक्ष, पप्पू कुमार यादव को महासचिव तथा हिमांशु कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया था। जबकि आज की बैठक में कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिए पवन साहू, राजेश पासवान, काली यादव, अभिषेक निषाद, राजन वर्मा और राजेश शाह को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव पद पर शैलेश शेखर, अमित राम, कृष्णा



साहू, अनिल यादव और दीपक यादव को नियुक्त किया गया। सह कोषाध्यक्ष के रूप में बंटी कुमार को जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार (जानू) तथा सह मीडिया प्रभारी राज कमल को बनाया गया।

इसके अलावा महासमिति के संरक्षक मंडल सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, पंकज दुबे, शंकर सोनी, देवनंदन सोनी, शशिकांत सहाय, सुदेश कुमार, मंदूर साव, कैलाश पासवान, गौरी यादव, प्रेम साहू, अजय कसेरा, बजरंगी कसेरा, विवेक सिंह, उदय कुमार वर्मा, नवीन शाह, अनिरुद्ध मिश्रा, मनमीत सिन्हा, मोती अग्रवाल और गुड्डू गुप्ता शामिल हैं। जबकि सदस्य के रूप में उज्जवल माली, विशाल प्रजापति, मिलेश साहू, तीर्थंकर पासवान, पीयूष कुमार, उत्तम विश्वकर्मा, जय किशन यादव, छोटू गुप्ता, सन्नी लाल, शंटू वर्मा और सुमित ताम्रकार को जोड़ा गया। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकजुट होकर आगामी रामनवमी महोत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

# सिमरिया अनुमंडल में रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक, शांतिपूर्ण और भव्य आयोजन का लिया गया संकल्प

**सिमरिया** : अनुमंडल क्षेत्र में आगामी रामनवमी पर्व को लेकर रामनवमी पूजा महासमिति की एक विस्तृत एवं महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिमरिया प्रखंड के उप प्रमुख श्री दामोदर गोप को ने की, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक की शुरुआत भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ हुई, जिसके बाद महासमिति के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। अध्यक्ष पद पर श्री विनोद बिहारी पासवान, उपाध्यक्ष पद पर श्री रेनू साहू, महासचिव पद पर श्री दामोदर को, सचिव पद पर श्री नित्यानंद सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर श्री राजीव कुमार तथा संयोजक पद पर श्री सुबोध कुमार पांडे को मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों को उपस्थित लोगों ने बधाई दी और सफल आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में आगामी रामनवमी पूजा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी राय रखते हुए जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल सुविधा एवं



प्रशासनिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सुझाव दिए। महासमिति के सदस्यों ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए इस वर्ष आयोजन को और अधिक भव्य, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि सिमरिया हमेशा से सामाजिक एकता, भाईचारे और धार्मिक सौहार्द का प्रतीक रहा है। यहां के लोग हर पर्व को मिल-जुलकर मनाते हैं, जो क्षेत्र की पहचान है। रामनवमी जैसे पावन अवसर पर यह एकता और भी मजबूत होती है, और समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी की जाएंगी, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही युवाओं से विशेष अपील की गई कि वे अनुशासन बनाए रखें और पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। अंत में महासमिति के पदाधिकारियों ने सिमरिया वासियों से अपील की कि वे इस पावन पर्व को आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा क्षेत्र की गरिमा को बनाए रखें। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# मनरेगा मजदूरों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस : प्रकाश रजक

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मरकच्चो** : प्रखंड अंतर्गत सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय मरकच्चो स्टेडियम में बुधवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 'मनरेगा बचाओ संग्राम ब्लॉक जनसंवाद' सह BLA प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मुख्य रूप से केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ हुंकार भरी गई और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ मनरेगा बहाल करो जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मजदूरों ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मनरेगा योजना को पूर्व की भांति पुनः बहाल करो। मजदूरों का शोषण बंद करो, नरेंद्र मोदी होश में आओ, मनरेगा हक है हमारा, इसे छीनने नहीं देंगे',जैसे नारे लगाए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहाः

मनरेगा बाबा साहेब भीमराव



अंबेडकर के सपनों और कांग्रेस की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसने ग्रामीण भारत को आर्थिक सुरक्षा दी। लेकिन आज केंद्र की भाजपा सरकार इस योजना को जानबूझकर कमजोर कर रही है। बजट में कटौती और जटिल नियमों के जरिए मजदूरों के पेट पर लात मारी जा रही है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा मजदूरों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेता मोहम्मद कासिम ने किया ने की, जबकि मंच संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता एम चंद्रा द्वारा किया गया। सभी पंचायत कमेटियों को सक्रिय करने पर चर्चा हुई। बूथ लेवल एजेंटों को चुनाव और मतदाता सूची से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम को हिमांशु कुमार, अजय कृष्णा, आनंद मेहता, एम चंद्रा, प्रदीप राम, संजय वर्मा, रामचंद्र गोस्वामी, मोनाल कुमार,गुलाबचंद, विनोद दास, आदि लोगों ने संबोधित किया कार्यक्रम में बैजनाथ रजक, कैलाश राम, सचिन पंडित, सिकंदर गोस्वामी, गुलाबचंद साहू, सीताराम पंडित, किशोर रजक, सीताराम यादव, जावेद खान, मुन्नी देवी, मंदोदरी देवी, उमा देवी, कुंवा देवी, यशोदा देवी, रेखा देवी, मंजू देवी, कौशल्या देवी, सरस्वती देवी, गुड़िया देवी, पार्वती देवी, आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# कोडरमा जिले में पेयजल और बिजली की नियमित आपूर्ति हो : डॉ नीरा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने कोडरमा जिले में पेयजल और बिजली की नियमित आपूर्ति की मांग की है। बुधवार को विधानसभा के शून्यकाल में विधायक डॉ नीरा यादव ने इलाके में पानी और बिजली संकट को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय कोडरमा, झुमरी तिलैया, डोमचांच समेत पूरे कोडरमा जिले में हमेशा पेयजल की किल्लत बनी रहती है। इधर अनियमित बिजली आपूर्ति से पूरे जिले में त्राहिमाम की स्थिति है। अतः व्यापक जनहित में नियमित पेयजल आपूर्ति करने तथा खराब चापानल को ठीक करने की व्यवस्था के साथ ही कोडरमा जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय ताकि आने वाले गर्मी में लोगों को पानी और बिजली नियमित उपलब्ध हो सके। विधायक ने कहा कि इन दिनों कोडरमा जिले में बिजली आपूर्ति की लचर




व्यवस्था हो गई है।

लगभग पूरे जिले में मेंटेनेंस के नाम पर 15 मार्च को 9 बजे दिन बिजली काटी गई जो 16 मार्च को 9 बजे दी गई। पूरे 24 घंटे लगातार बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। विधायक ने राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि आगे से ऐसी स्थिति उत्पन्न ना हो और लोगों को बेवजह परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की उपायुक्त ने की अपील

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा** : बिरसा सांस्कृतिक भवन, कोडरमा में आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक मूलभूत नागरिक सुविधाओं से संबंधित मांगों एवं सुझावों पर चर्चा की गई। प्रशासन द्वारा इन पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। उपायुक्त ऋतुराज ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोडरमा में सभी धर्मों के लोग हमेशा शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाते रहे हैं, जो जिले की पहचान है। उन्होंने लोगों से एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का आग्रह



किया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करें और भड़काऊ या संदिग्ध पोस्ट को फॉरवर्ड करने से बचें। जुलूसों को व्यवस्थित एवं नियंत्रित रखने के लिए वॉलेंटियर्स की सहायता लेने की भी अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा तथा निर्देशों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि शोभायात्रा संयमित एवं अनुशासित तरीके से निकालें, पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग करें, निर्धारित रूट एवं समय का पालन करें तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सभी गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। असामाजिक एवं साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश मंडल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारी तथा विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एनओसी को लेकर कथित फर्जीवाड़ा मामला विधानसभा में गरमाया

**टंडवा** :आम्रपाली कोल परियोजना में रेलवे साइडिंग निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने में कथित फर्जीवाड़े का मामला अब विधानसभा तक पहुंच गया है। सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास ने इस गंभीर मुद्दे को सदन में उठाते हुए सरकार के जवाब पर सवाल खड़े किए हैं।सरकार की ओर से दिए गए जवाब में कहा गया कि संबंधित छह ग्रामों में ग्रामसभा नियमानुसार आयोजित की गई थी,लेकिन स्थानीय स्तर पर सामने आए दस्तावेज और जनप्रतिनिधियों के बयान इस दावे पर संदेह पैदा कर रहे हैं। संबंधित ग्राम पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने उपायुक्त को दिए अपने लिखित आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा है कि ग्रामसभाएँ आयोजित ही नहीं हुईं और सेरनदाग की तरह फर्जी ग्रामसभा होने की आशंका जताई है।इसके अलावा उपमुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्यों ने भी स्वीकार किया है कि उनकी अध्यक्षता में किसी प्रकार की ग्रामसभा नहीं हुई। इस पर विधायक ने सवाल उठाया कि जब सेरनदाग की ग्रामसभा फर्जी पाए जाने के बाद निरस्त कर दी गई, तो अन्य ग्रामों—विशेषकर पोकला उर्फ कसियाडीह—की ग्रामसभाओं की जांच और निरस्तीकरण क्यों नहीं किया गया।

विधायक ने यह भी बताया कि दिसंबर माह में ग्रामीणों ने पंचायत भवन में धरना देकर यह स्पष्ट किया था कि उनके गांव में ग्रामसभा नहीं हुई, इसके बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

वन अधिकार अधिनियम, 2006 के संदर्भ में भी सरकार के जवाब पर सवाल उठे हैं।सरकार ने दावा किया कि कोई दावा प्राप्त नहीं हुआ,जबकि विधायक का कहना है कि जब ग्रामसभा ही नहीं हुई तो दावों की प्रक्रिया पूरी कैसे हो सकती है। विधायक उज्जवल कुमार दास ने इसे प्रशासन की गंभीर विफलता बताते हुए कहा कि इससे पात्र ग्रामीण अपने वैधानिक अधिकारों से वंचित हो रहे हैं।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दे रही और केवल औपचारिकता निभा रही है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच की मांग की है या फिर संबंधित सभी ग्रामसभाओं के रजिस्टर सदन के पटल पर प्रस्तुत करने की बात कही है, ताकि सच्चाई सामने आ सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो यह प्रशासनिक लापरवाही को बढ़ावा देने जैसा होगा और सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े होंगे।

# डोमचांच में रामनवमी को लेकर शांति व्यवस्था हेतु बैठक आयोजित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**डोमचांच** : आगामी रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार संध्या 4 बजे बालिका उच्च विद्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश वर्मा ने की। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रशासनिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस दौरान रामनवमी के अवसर पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।अध्यक्ष उमेश वर्मा ने सभी उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखी जा सकती है।बैठक में जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक निगरानी तथा आपसी समन्वय को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी सदस्यों ने मिलकर



रामनवमी को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने का संकल्प लिया।

## खरवार भोगता समाज विकास संघ की कोयलरा में हुई बैठक

**टंडवा** : खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक टंडवा प्रखंड के बड़गांव पंचायत के कोयलरा में हुई।जिसकी अध्यक्षता संतोष गंझू एव संचालन उमेश गंझु ने किया।बैठक में 28 मार्च को रांची मोरहाबादी में आयोजित अमर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर के शहादत दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव गांव में प्रचार प्रसार करने और टंडवा प्रखंड क्षेत्र से हजारों की संख्या में अपनी पारंपरिक वेश भूषा में झांकी के साथ शहादत दिवस में शामिल होने रांची जाएंगे।संतोष गंझु ने कहा कि रांची में नीलाम्बर पीताम्बर के शहादत दिवस कार्यक्रम इस बार ऐतिहासिक महत्व रखेगा क्योंकि इस कार्यक्रम में झारखंड के कोने कोने से खरवार भोगता समाज के लाखों लोग पारंपरिक वेश भूषा और अपनी संस्कृति गाजे बाजे के साथ जुटेंगे।

# प्रखंड कर्मी पर पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा लगाया गया आरोप

**सतगावां** : प्रखंड के पंचायत समिति सदस्य मधु कुमारी अम्ब्राबाद के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह पंचायत समिति सचिव ओम प्रकाश बडाईक को एक आवेदन देकर बताई की15वां वित्त की राशि बिना पंचायत समिति की बैठक किए बगैर प्रमुख उपप्रमुख वा प्रखंड कर्मी नजीर के मिली भगत के द्वारा मनमानी तरीके से आर सी सी बेंच की योजना का स्वीकृत किए जाने के लेकर मामला प्रकाश में आया आवेदन में बताया गया कि बगैर बैठक किए हुए पंचायत समिति सदस्यों को प्रखंड मुख्यालय बुलाकर प्रखंड में पदस्थापित कर्मी के द्वारा बैठक पंजी पर हस्ताक्षर करा कर मनमानी तरीके से आर सी सी बेंच की योजना को स्वीकृति ले लिया गया तथा इसके पूर्व भी सोलर पानी टंकी योजना में भी लाभुक चयन को लेकर मनमानी किया गया।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that the below mentioned Authorised Person is no longer affiliated as Authorised Person of Kotak Securities Limited.

| Authorised Person Name | Trade Name | Exchange Registration Numbers of Authorised Person | Address of Authorised Person |
|---|---|---|---|
| BADRINATH PANDEY | BADRINATH PANDEY | NSE - AP0291566941 | SHOP NO 1 MAIN ROAD TANDWA NEAR BANK OF INDIA ATM P S TANDWA CHATRA 825321 |

Please note that above mention Authorised Person (AP) is no longer associated with us. Any person henceforth dealing with above mention AP should do so, at their own risk. Kotak Securities Ltd. shall not be liable for any such dealing. In case of any queries for the transactions till date, Investors are requested to inform Kotak Securities Ltd. within 15 days from the date of this notification, failing which it shall be deemed that there exists no queries against the above mentioned AP.

kotak Kotak Securities — Kotak Securities Limited. Registered Office: 27 BKC, C 27, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400051. CIN: U99999MH1994PLC134051, Telephone No.: +22 43360000, Fax No.: +22 67132430. Website: www.kotak.com / www.kotaksecurities.com. Correspondence Address: Infinity IT Park, Bldg. No 21, Opp. Film City Road, A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400097. Telephone No: 42856825. SEBI Registration No: INZ000200137 (Member of NSE, BSE, MSE, MCX & NCDEX), AMFI ARN 0164, PMS INP000000258, and Research Analyst INH000000586. NSDL/CDSL: IN-IN-DP-629-2021. Compliance Officer Details: Mr. Hiren Thakkar Call: 022-4285 8484, or Email: ks.compliance@kotak.com.

# नवरात्रि: आंतरिक ऊर्जा और आध्यात्मिक उत्थान का पर्व



योगेश कुमार गोयल

मां दुर्गा के ये नौ स्वरूप जीवन के नौ आयामों को प्रकाशित करते हैं और हमें अज्ञान से ज्ञान, भय से निर्भयता तथा दुर्बलता से सामर्थ्य की ओर ले जाते हैं। इस पावन पर्व पर प्रत्येक साधक अपने भीतर की शक्ति को पहचानकर जीवन को सकारात्मक दिशा देने का संकल्प ले सकता है।

शक्ति जागरण से आत्मविजय तक का दिव्य उत्सव नवरात्रि महापर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरूआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 27 मार्च को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों



वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें ह्यशुभंकारीढ्ढ भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं।

नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं। नवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मशक्ति के जागरण का पर्व है, जो हमें संयम, साहस, तप और सदाचार का संदेश देता है। मां दुर्गा के ये नौ स्वरूप जीवन के नौ आयामों को प्रकाशित करते हैं और हमें अज्ञान से ज्ञान, भय से निर्भयता तथा दुर्बलता से सामर्थ्य की ओर ले जाते हैं। इस पावन पर्व पर प्रत्येक साधक अपने भीतर की शक्ति को पहचानकर जीवन को सकारात्मक दिशा देने का संकल्प ले सकता है।

## संपादकीय

### खनन पर हो मनन

सत्ताधीशों की इच्छा शक्ति की कमी और प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही से खनन माफिया के हौसल बुलंद हैं। कहीं न कहीं नागरिकों की उदासीनता भी इसके मूल में हैं। पंजाब के रोपड़ जिले की शिवालिक पहाड़ियों में हो रही तबाही उस भयावह स्थिति को दशार्ती है, जिसका खमियाजा आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ेगा। वजह साफ है कि अंधाधुंध खनन से शिवालिक पहाड़ियों के पारिस्थितिकीय तंत्र को भारी क्षति पहुंच रही है। जो हमें यह भी बताता है कि नीति और प्रवर्तन के बीच खाई में पर्यावरणीय अपराध कैसे और किस तेजी से पनपते हैं। प्रशासन की नाक के नीचे खुदाई करने वाली भारी मशीनों का खुलेआम प्रयोग अवैध खनन हेतु किया जा रहा है। इस पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्र की पूरी पहाड़ियों को समतल किया जा रहा है। जो हमारे पर्यावरण के लिये एक गंभीर चुनौती है। यह क्षति शिवालिक पहाड़ियों के मूल पारिस्थितिक कार्यों मसलन भूजल पुनर्भरण, मृदा-स्थिरता और जैव-विविधता संरक्षण जैसे जीवन रक्षक लक्ष्यों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। दरअसल, यह शिवालिक पर्वतमाला भू-संरचना की दृष्टि से नयी बनी हुई है और स्वाभाविक रूप से अस्थिर है। निर्विवाद रूप से किसी भी स्थान पर होने वाली अनियंत्रित खुदाई से भूमि का कटाव बहुत तेजी से होता है। जिसके चलते वर्षा ऋतु और उसके बाद भूस्खलन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ती है। वहीं इन क्षेत्रों में गाद जमाव का संकट भी गहरा जाता है। कालांतर इसके चलते जल निकासी के पैटर्न में अप्रत्याशित बदलाव देखने में आता है। यह सर्वविदित है कि एक बार इन पहाड़ियों को अवैध रूप से काटकर समतल कर दिया जाता है तो उसके मूल स्वरूप को फिर प्राप्त कर पाना लगभग असंभव है। दूसरे शब्दों में कहें उस क्षेत्र विशेष का प्राकृतिक संरक्षण कवच हमेशा के लिए नष्ट हो जाता है। ऐसे में प्राकृतिक सुरक्षा को नष्ट करने वाला विकास कालांतर आपदा का कारक बन सकता है। दरअसल, यह ऐसा प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र होता है जो निचले मैदानी इलाकों को बाढ़ और जल संकट से बचाता है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि इस बाबत जवाबदेह अधिकारियों द्वारा दलील दी जाती रही है कि इस क्षेत्र में खनन की प्रक्रिया पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियों के आधार पर की जाती रही है। साथ ही यह भी सफाई दी जाती है कि ऐसी स्वीकृतियों का उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना लगाया जाता है। लेकिन हकीकत तब उजागर हो जाती है जब स्थानीय लोग रात के समय होने वाले खनन कार्यों, निर्धारित सीमा से अधिक और बड़े पैमाने पर पहाड़ी इलाकों में कटाई होने के आरोप लगाते हैं। ऐसे में अधिकारियों की तमाम दलीलें खोखली ही साबित होती हैं। दरअसल,सवाल नियम-कानूनों की प्रभावकारिता का नहीं है बल्कि असली दिक्कत प्रवर्तन एजेंसियों की उदासीनता की है। जो वस्तु-स्थिति से अवगत होने के बावजूद इन आपराधिक कृत्यों के प्रति आंखें मूंदे रहती हैं। दरअसल, खनन कार्यों से जुड़े ठेकेदारों को आपराधिक तत्वों व राजनेताओं का संरक्षण भी एक बड़ी चुनौती है। इसमें दो राय नहीं है कि जब अवैध खनन के खिलाफ जमीनी स्तर पर निगरानी के बजाय महज कागजी कार्रवाई का सहारा लिया जाता है तो अवैध खनन को संबल मिलता है।

## चिंतन-मनन

### नित अभ्यास से दर्शन कर सकते हैं ईश्वर का

सभी शास्त्र कहते हैं कि बिना भगवान को प्राप्त किये मुक्ति नहीं मिल सकती है। इसलिए भगवान की तलाश के लिए कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो कोई मस्जिद, कोई गुरूद्वारा, तो कोई गिरजाघर। लेकिन इन सभी स्थानों में जड़ स्वरूप भगवान होता है। अर्थात ऐसा भगवान होता है जिसमें कोई चेतना नहीं होती है।

असल में भगवान की चेतना तो अपने भक्तों के साथ रहती है इसलिए मंदिर में हम जिस भगवान को देखते हैं वह मौन होकर एक ही अवस्था में दिखता है। जब हमारी चेतना यानी इन्द्रियां अपने आस-पास ईश्वर को महसूस करने लगती है तब हम जहां भी होते हैं वहीं ईश्वर प्रकट दिखाई देता है। उस समय भगवान को ढूंढने के लिए मंदिर या किसी तीर्थ में जाने की आवश्यकता नहीं होती है।

जब व्यक्ति इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है तब व्यक्ति के साथ चल रही भगवान की चेतना व्यक्ति के मंदिर में प्रवेश करने पर मंदिर में मौजूद ईश्वर की प्रतिमा में समा जाती है और मूक बैठी मूर्ति बोलने लगती है। यह उसी प्रकार होता है जैसे मृत शरीर में आत्मा के प्रवेश करने पर शरीर में हलचल होने लगती है। शरीर की क्रियाएं शुरू हो जाती है।?

मंदिर में विराजमान मूर्ति वास्तव में एक मृत शरीर के समान है। मृत की पूजा करें अथवा न करें उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी श्रद्धा और भक्ति की अनुभूति वही कर सकता है जिसमें चेतना हो प्राण हो। इसलिए तीर्थों में भटकने की बजाय जिस देवता की उपासना करनी हो उसे अपनी आत्मा से ध्यान करें उनकी आत्मा अर्थात परमात्मा से संपर्क करें, परमात्मा की पूजा करें तो, जो फल वर्षों मंदिर यात्रा से नहीं मिल सकता, वही फल कुछ पल के ध्यान से मिल सकता है।

# बुरी तरह फंसे दुनिया के दादा ट्रंप



सनत जैन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति का पद संभाला उसके बाद से उनका अहंकार चरम पर पहुंच गया। वह अपने आपको शांति का मसीहा बताना चाहते थे। सारी दुनिया में ट्रंप को एक विश्व गुरु के रूप में जाना जाए इसके लिए उन्होंने वह सब प्रयास किया जो वह कर सकते थे। अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में वह राजनेता कम एक गैंगस्टर के रूप में ज्यादा नजर आए। पद संभालते ही उन्होंने यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को बंद कराने की कोशिश की। इजरायल और हमास के बीच चली जंग को लेकर वह इजरायल के पक्ष में खड़े हुए। गाजा को पूरी तरह से समाप्त करके वहां अमेरिकी कॉलोनी बनाने का प्रयास किया। उन्होंने सारी दुनिया के देशों में अपने परिवार के व्यापार को बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति पद का उपयोग किया। वह चाहते हैं, कि अमेरिका के वह तीसरी बार राष्ट्रपति बने, इसके लिए उन्होंने सारी दुनिया में अपनी ताकत का परचम फहराने की तो कोशिश की, सबसे पहले उन्होंने टैरिफ के माध्यम से सारी दुनिया के देशों को भयाक्रांत किया। अमेरिका की दादागिरी बताकर दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश की, लेकिन उनके अहंकार और दादागिरी के कारण उनका हर दांव उल्टा पड़ता चला गया। आज डोनाल्ड ट्रंप अपने ही बनाये हुए मकड़जाल में फंसकर फड़फड़ा रहे हैं, लेकिन अब वह सामान्य व्यक्ति की तरह जिंदा रह पाएंगे या नहीं, इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दोस्ती उन्हें इतनी भारी पड़ेगी इसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। सत्ता के नशे में डूबे हुए डोनाल्ड ट्रंप अब अपनी कुर्सी बचाने के लिए ही संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। दरअसल इजरायल के उकसावे पर उन्होंने ईरान पर हमला किया। उन्होंने ईरान पर वेनेजुएला की तरह कब्जा करने की कोशिश की। वहां पर विद्रोह करवाने की साजिश रची। लेकिन कहते हैं जब अंत समय आता है उस समय बुद्धि सबसे पहले खराब होती है। लगता है यही ट्रंप के साथ हुआ। जैसे ही ईरान के सुप्रीमो आयतुल्लाह खामेनेई को सत्ता छोड़ने के लिए धमकाया गया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई। एक स्कूल में हमला करके 180 से ज्यादा मासूम बच्चियों की हत्या कर दी गई। उसके बाद लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के पाप का घड़ा भर गया है। फिलिस्तीन में भी बड़ी संख्या में निर्दोष महिलाओं और बच्चों की हत्या इजरायल द्वारा की गई थी। बीमार, मजबूर लोगों तक खाना नहीं पहुंचने दिया गया। अस्पताल में इलाज करा रहे बच्चे, बुजर्ग और महिलाओं को हमला करके मार दिया गया। वही सब पाप अब दोनों नेताओं के अस्तित्व को समाप्त करने जा रहे हैं। ईरान युद्ध में अमेरिका पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया है। सभी सहयोगियों ने डोनाल्ड ट्रंप का साथ छोड़ दिया है। नाटो और यूरोपीय देशों को डोनाल्ड ट्रंप धमका रहे हैं, लेकिन इसका अभी कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली ने युद्ध में कूदने से इनकार कर दिया है। सारी दुनिया के देशों में हाहाकार मचा हुआ है। यहां तक कि खाड़ी के देश जहां अमेरिका ने एक तरह से अपना कब्जा जमा लिया था वह भी अमेरिका के पक्ष में खड़े नहीं हो रहे हैं। दूसरी ओर ईरान के पक्ष में चीन, रूस, उत्तर कोरिया और अन्य कई देश प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से खड़े होकर उसका समर्थन कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के साथी भी अब उनका साथ छोड़कर भाग रहे हैं। रही सही कसर अमेरिका में तेजी से बढ़ रही महंगाई पूरी किए दे रही है। बिना कांग्रेस की अनुमति के उन्होंने अपनी जिद में युद्ध शुरू कर लिया था। अमेरिका पर भारी कर्ज है। पिछले 20 दिनों में युद्ध में आर्थिक और सामरिक दृष्टि से जो नुकसान हुआ है उसके कारण अमेरिका में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों ही ट्रंप से नाराज है। वहीं एपिस्टिन फाइल ने भी बची हुई कसर को पूरी कर दी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जनाक्रोष बढ़ता चला जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप जो ईरान में आयतुल्लाह खामेनेई को सत्ता से अपदस्थ कराने की साजिश रच रहे थे अब वह सब अमेरिका में उनके साथ होता हुआ दिख रहा है। जो गड्ढा डोनाल्ड ट्रंप ईरान के सुप्रीमो के लिए खोद रहे थे अब वह गड्ढा उनके लिए तैयार हो गया है। जैसी करनी वैसी भरनी का सिद्धांत अब डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू पर लागू होता दिख रहा है।

# पाक का काबूल पर कायराना हमला इंसानियत के लिये खतरा



सौरभ वार्ष्णेय



कहते है कि पवित्र रमजान का महीना आत्मसंयम, करुणा और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। ऐसे समय में काबुल पर हुआ कथित कायराना हमला न सिर्फ मानवीय मूल्यों का अपमान है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय भी है। जब दुनिया शांति और सह-अस्तित्व की बात कर रही हो, तब इस तरह की हिंसक घटनाएं सभ्यता के मूल सिद्धांतों को चुनौती देती हैं।

रमजान का सार ही यह है कि इंसान अपने भीतर झांककर बुराइयों से दूर रहे और समाज में प्रेम, भाईचारे और सहयोग को बढ़ावा दे। लेकिन काबुल में हुआ हमला इस पवित्र भावना के ठीक विपरीत है। निर्दोष लोगों की जान लेना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह न केवल एक देश की संप्रभुता पर हमला है, बल्कि पूरी मानवता के खिलाफ अपराध है। यदि इस हमले में किसी भी देश या तत्व की संलिप्तता साबित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बिना किसी भेदभाव के सख्त कदम उठाने चाहिए। आतंक और हिंसा के प्रति 'चयनात्मकइ रवैया ही ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देता है। जरूरत इस बात की है कि वैश्विक मंचों पर एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ ठोस और निष्पक्ष नीति अपनाई जाए। दक्षिण एशिया पहले से ही अस्थिरता और अविश्वास के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं क्षेत्रीय शांति को और कमजोर करती हैं। यह समझना होगा कि युद्ध और हिंसा का रास्ता किसी समस्या का समाधान नहीं है। बातचीत, कूटनीति और आपसी विश्वास ही स्थायी शांति का आधार बन सकते हैं।आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हम रमजान जैसे पवित्र अवसर पर भी इंसानियत का सम्मान नहीं कर सकते? काबुल की यह घटना हमें चेतावनी देती है कि अगर समय रहते हिंसा के इस चक्र को नहीं रोका गया, तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। यह समय है जब दुनिया को एकजुट होकर यह संदेश देना चाहिए कि इंसानियत सर्वोपरि है। किसी भी प्रकार की हिंसा, चाहे वह किसी भी नाम पर हो, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। रमजान के इस पावन महीने में शांति, सहिष्णुता और मानवता के मूल्यों को पुनः स्थापित करना ही सच्ची श्रद्धा होगी।

यह हमला ऐसे समय में हुआ जब तीन देश आमने सामने खुलेआम मिसाइलों से हमले कर रहे हैं । इस युद्व की वजह से पूर्ण विश्व महंगाई सहित अन्य चीजों से कराहा उठा है। कच्चे तेल ने खेल ही कर दिया। बात कर रहे हैं पाकिस्तान की जो कि अन्य देशों की तुलना में भुखमरी के कगार पर है ऐसे में वह काबुल पर असमय बमबारी कर रहा है मासूमों की जान ले रहा है। पूरा विश्व खामोशी के साथ यह सब देख रहा है। ज्ञात रहे कि पाकिस्तान को अपने आस्तीन में पालने वाले देश भी भलीभांति जान ले कि जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है सबसे पहले वही उस गड्ढे में गिरता है। ऐसा ही हाल उन देशों का हो रहा है जो अपने महान देश बनाने के चक्कर में शांति के लिये भी खतरा बनते जा रहे हैं। ऐसे पाकिस्तान देश कितने दिनों के हैं। जब दूसरे पर बम फोड रहे हैं तो दूसरा देश बदला तो लेगा ही। कहने का आशय है कि जो देश गरीबी में जी हरा है। वह अपने को विकास करने की जगह अपने को आग की भट्टी में झोंक रहा है।

भारत ने भी कड़े शब्दों में निंदा कर कहा है कि पाकिस्तान अब इस नरसंहार को सैन्य अभियान का नाम देने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान द्वारा किया गया यह घृणित आक्रमण अफगानिस्तान की संप्रभुता पर एक स्पष्ट हमला है और क्षेत्रीय शांति तथा स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। यह पाकिस्तान के लगातार लापरवाह व्यवहार और अपनी आंतरिक विफलताओं को सीमा पार हिंसा के बढ़ते हिंसक कृत्यों के माध्यम से छिपाने के बार-बार किए जाने वाले प्रयासों को दशार्ता है। यह हमला रमजान के पवित्र महीने के दौरान किया गया, जो दुनिया भर के मुस्लिम समुदायों के लिए शांति, चिंतन और दया का समय होता है, जो इसे और भी निंदनीय बनाता है। ऐसा कोई धर्म, कोई कानून या कोई नैतिकता नहीं है जो किसी अस्पताल और उसके मरीजों को जानबूझकर निशाना बनाने को उचित ठहरा सके। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस आपराधिक कृत्य के दोषियों को जवाबदेह ठहराना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा नागरिकों को निशाना बनाने का यह अंधाधुंध हमला तत्काल बंद हो।

पाकिस्तान को स्वयं अपने अंदर झांकना चाहिए। १९४७ से भारत से अलगहोकर पता नहीं क्यों अपने अंदर इतनी नफरत पाल ली है कि उसमें से वह निकलना नहीं चाहता ? दो भाई जब अलग होते हैं जो कि एक सामान्य सी प्रक्रिया है। हालांकि अलग होने में दर्द बहुत होता है लेकिन विस्तार के लिए यानी पाकिस्तान का जिसके लिए निर्माण हुआ वह १९४७ के बाद से आज तक दिखा नहीं? पाकिस्तान को भारत को कमजोर करने के लिए कुछ विदेशी ताकतें पोश रही है लेकिन भारत पूर्व में भी अपनी शांति का परिचय देता आया है लेकिन जब जब जरूरत पड़ी तब तब अदम्य साहस विकसितता का परिचय देता आया है।

## संक्षिप्त डायरी

### पटना में स्मैक पार्टी के दौरान चली गोली

**पटना (एजेंसी)** बुद्धा कॉलोनी थाना इलाके की दुजरा देवी स्थान मंदिर के पीछे स्मैक पार्टी के दौरान एक युवक को गोली लगी है। उसकी पहचान मैनपुरा के रहने वाले आकाश कुमार के तौर पर हुई है। आकाश अपने नशेड़ी दोस्तों के साथ मिलकर मंदिर के पीछे पार्टी कर रहा था। इसी बीच उसकी गोली लग गई। गोली लगने के बाद आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। दोस्त आकाश को मंदिर के पीछे से लेकर अस्पताल गए। इसकी सूचना किसी को नहीं दी। छिपकर एक निजी अस्पताल में इलाज कर रहे थे। इसी बीच इसकी जानकारी पुलिस को मिल गई। पुलिस अस्पताल पहुंचकर आकाश कुमार का स्टेटमेंट रिकॉर्ड की है। उसने पुलिस को बताया है कि सभी दोस्त दूजरा मंदिर के पीछे बैठे थे। इसी बीच किसी अज्ञात शख्स ने उसे गोली मार दी। आकाश का स्टेटमेंट लेने के बाद पुलिस ने उसके दोस्तों का भी स्टेटमेंट रिकॉर्ड किया, जिसमें दोस्तों ने पुलिस को बताया कि गोली आकाश के ही पिस्तौल से लगी थी। किसी ने गोली मारी नहीं है। आकाश बचने के लिए हम लोग को बताया था कि पुलिस जब पूछेगी तो बता देना किसी ने गोली मार दी है। बुद्धा कॉलोनी थाने में केस दर्ज पुलिस ने आकाश के बयान के आधार पर केस दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल, आकाश का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आकाश का पहले भी अपराधी के इतिहास रहा है। पुलिस इस एंगल से भी छानबीन कर रही है।

### गंगा पथ पर दीघा गोलंबर के पास ब्रांडेड कंपनियों के 85 फूड कैफे खोले जाएंगे

**पटना (एजेंसी)** गंगा पथ पर दीघा गोलंबर के पास प्रस्तावित स्ट्रीट वेंडिंग जोन का प्रस्ताव पूरी तरह बदल दिया गया है। अब गंगा पथ के फुटपाथ वाले हिस्से में ब्रांडेड कंपनियों के ही स्टॉल लगाए जाएंगे। इसे फूड कैफे कहा जाएगा। पटना नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने नए सिरे से तैयारी शुरू की है। गंगा पथ के इस हिस्से में 85 फूड कैफे खोले जाएंगे। जगह और स्टॉल की डिजाइन सबकुछ नया होगा। इसके लिए फूड चेन व रेस्टोरेंट-होटल के क्षेत्र वाली बड़ी कंपनियों को बुलाया जाएगा। जल्द ही टेंडर जारी कर आवेदन लिया जाएगा। पुरानी योजना के तहत पिछले महीने गंगा पथ पर लगाए गए करीब 200 स्ट्रीट वेंडिंग स्टॉल को वहां से हटा दिया गया है। अब यहां सबकुछ नए सिरे से होगा। 1 लाख रुपए हो सकता है किराया : गंगा पथ में पटना स्मार्ट सिटी के फंड से विभिन्न सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी कड़ी में दीघा गोलंबर से आगे वाले हिस्से में फूड कैफे के लिए जगह तैयार की जाएगी। चूंकि पटना स्मार्ट सिटी को अब अपनी कमाई के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने हैं, इसलिए ब्रांडेड कंपनियों से फूड कैफे के लिए मोटी रकम ली जाएगी। बताया गया है कि एक फूड स्टॉल का किराया कम से कम 1 लाख रुपए तक हो सकता है। नए फूड कैफे खुलने के साथ ही यहां लोगों को बैठने के लिए बेंच लगाई जाएगी। पार्किंग की बेहतर व्यवस्था होगी, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने। शहर में स्ट्रीट वेंडरों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने की योजना पर पटना नगर निगम काम कर रहा है। विभिन्न जगहों पर 32 वेंडिंग जोन के लिए जगह चिह्नित की जा रही है। जिन इलाकों में सड़कों पर अतिक्रमण है, उसपर विशेष फोकस है। दीघा गोलंबर के पाथ-वे में दुकान लगाने वाले वेंडरों को नई जगह का विकल्प दिया गया है। पिछले महीने वेंडरों का प्रतिनिधिमंडल डीएम व नगर आयुक्त से भी मिला। वेंडरों को बताया गया है कि अब उन्हें अटल पथ वाले हिस्से में नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने की तैयारी है। इस कारण प्रोजेक्ट में बदलाव हुआ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत गंगा पथ में वेंडिंग जोन की योजना बनी थी। टेंडर फाइनल कर 500 में से 200 दुकानें भी बना दी गईं। इन स्टॉलों को गंगा पथ पर रखा जाने लगा।

### फाइनल में सारण स्ट्राइकर्स को कांटे की टक्कर में 24-21 से हराया

**पटना (एजेंसी)** बिहार वीमेंस कबड्डी लीग सीजन-2 में सारण स्ट्राइकर्स को 24-21 से हराकर मगध वॉरियर्स की टीम चैंपियन बन गई। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर हॉल में खेले गए फाइनल में आखिर तक रोमांच कायम रहा। लेजर लाइट्स की चकाचौंध व तेज संगीत के साथ जोरदार कमेंट्री से दर्शक दीर्घा में भी जबर्दस्त उत्साह दिखा। प्रो कबड्डी लीग के मैचों के तरह माहौल में बिहार की बेटियों ने जोरदार तरीके से एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए खूब जोर आजमाया। मैच के शुरूआत में भारी दिख रही मगध वॉरियर्स की टीम को एक-एक प्वाइंट के लिए सारण स्ट्राइकर्स की खिलाड़ियों से जूझना पड़ा। खेल के अंतिम 7 मिनट तक कुछ इस तरह का माहौल रहा कि कौन जीतेगा, बताना मुश्किल लग रहा था। इस मैच में सारण की मुस्कान ने कई मौके पर जोरदार तरीके से रेड कर अपनी टीम को अंक दिलाए। मुस्कान फाइनल की बेस्ट रेडर रही जबकि मगध की मनीषा को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला। बाद में चैंपियन बनी मगध वॉरियर्स टीम को पुरस्कार स्वरूप 6.50 लाख रुपए के साथ विनर्स ट्रॉफी, रनर्स अप सारण स्ट्राइकर्स को 3.50 लाख और तीसरे स्थान पर रही सीवान टाइटंस को 2.50 लाख रुपए का चेक दिया गया। साथ ही लीग की बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर और ओवर ऑल बेस्ट प्लेयर को नकद राशि के साथ एक-एक स्कूटी मिलेगी

### चीना कोठी में ड्रग धंधेबाजों को पकड़ने गई टीम पर हमला

**पटना (एजेंसी)** । बुद्धा कॉलोनी थाना की चीना कोठी में ड्रग्स के धंधेबाजों को पकड़ने गई नार्कोटिक्स टीम पर परिजनों ने हमला कर दिया। करीब 100 महिला-पुरुषों ने पथराव कर दिया। इसमें टीम के एक-दो सदस्यों को चोट लगी। टीम ने धंधेबाज आकाश धांगर को पकड़ लिया। उसके छुड़ाने के लिए स्थानीय लोग उलझ गए। इसी बीच टीम ने चार राउंड फायरिंग कर दी। सूचना पर बुद्धा कॉलोनी समेत आसपास के थानों की पुलिस वहां पहुंची। आकाश के पास से 54 पुड़िया स्मैक और 6700 रुपए नकद बरामद हुए। नार्कोटिक्स टीम बिना थाने को सूचना दिए स्लम एरिया में चली गई। टीम के चार सदस्य सादी वर्दी में थे। जबकि पुलिस मुख्यालय का आदेश है कि जहां भी टीम छापेमारी करने जाए, स्थानीय थाने को भी साथ में रखा जाए। विधि-व्यवस्था एसडीपीओ वन कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि मामले में 30 को नामजद किया गया है। 70 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। आकाश धांगर पहले भी स्मैक और शराब बेचने के आरोप में जेल जा चुका है। जब्त 54 पुड़िया स्मैक का वजन 6 ग्राम है। 50 हजार नकद और स्मैक फेंक दिया नाले में : धंधेबाजों ने सीसीटीवी कैमरा भी लगा रखा था। जैसे ही चार अनजान लोगों को देखा, सतर्क हो गए। एक-दूसरे कॉल कर बता दिया। टीम जब आकाश को पकड़कर ले जाने लगी तो धंधेबाजों ने घेर लिया। जब थानों की पुलिस पहुंची तो करीब 50 हजार रुपए और स्मैक को नाले में फेंक दिया। आकाश ने पूछताछ में बताया कि शुभम और सोनू नामक दो धंधेबाज स्मैक लाकर देते हैं। मंगलवार को पथराव और हमला कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी पिछले दो साल में चार बार हमला हो चुका है। पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ करने के साथ ही धंधेबाजों को छुड़ाकर ले गए थे। इसमें महिलाओं को आगे रखा जाता है।

# नीतीश कुमार का 'उत्तराधिकारी' तय ! सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रख बोले— 'बिहार को अब आप ही संभालिए'



**पटना (एजेंसी)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जमुई की जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार के अगले सीएम के नाम से पर्दा हटा दिया है? ये अलग बात है कि बीजेपी अपना सीएम तय करेगी. मगर सीएम नीतीश ने अपनी पसंद साफ कर दी है.

Nitish Kumar Samrat Chaudhary Next CM Bihar : बिहार से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा जाने वाले हैं. मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली होने वाली है. ऐसे में वो सम्राट चौधरी पर भरोसा दिखा रहे हैं. ये बात हम ऐसे ही नहीं कह रहे हैं. दरअसल, राज्यसभा जाने के लिए उन्होंने अपना नामांकन किया, इसके बाद उनके समर्थन में उन्होंने 44 वोट हासिल किए. अब उनका राज्यसभा जाना तय है. लेकिन राज्ससभा जाने से पहले वो लगातार Samrat choudhary पर अपना भरोसा और विश्वास जताते नजर आ रहे हैं. आज उन्होंने जमुई में समृद्धि यात्रा में यह साफ कह दिया है कि आगे यही सब काम देखेंगे. राज्यसभा जाने से पहले सियासी मैसेज? बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जाना लगभग तय माना जा रहा है. नामांकन के बाद उन्हें पर्याप्त समर्थन भी मिल चुका है. ऐसे में बिहार की राजनीति में यह सवाल उठने लगा है अगर नीतीश केंद्र की राजनीति में जाते हैं, तो बिहार की कमान किसके हाथ में होगी? जमुई की सभा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस सवाल पर विराम लगा दिया है. माना जा रहा है कि मंच से नीतीश कुमार का सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रख कर ये कहना अब आगे यही सब देखेंगे उन सवालों पर विराम लगाने के लिए काफी है. मंच पर दिखी बॉडी लैंग्वेज पॉलिटिक्स राजनीति में शब्दों के साथ-साथ बॉडी लैंग्वेज भी बहुत मायने रखती है. बिहार की राजनीति में हर कदम का एक खास मकसद होता है. मगर आज जो मैसेज मुख यमंत्री नीतीश कुमार देते नजर आए हैं उससे ये साफ होता है कि में सम्राट चौधरी न केवल उनकी पहली पसंद हैं बल्कि उनके चहेते भी हैं. सीएम नीतीश ने ऐसे जताया सम्राट पर भरोसा नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखा सार्वजनिक मंच से भरोसा जताया आगे यही सब काम देखेंगे जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया 12 मार्च को भी दे चुके हैं संकेत पाठकों को याद दिला दें नीतीश कुमार ने ऐसा पहली बार नहीं किया है. इससे पहले 12 मार्च को भी उन्होंने एक जनसभा में कहा था कि उनकी नजर में सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त चेहरा हैं. लगातार दो बार इस तरह के बयान आने से यह चर्चा और मजबूत हो गई है. ऐसे में माना जा रहा कि बिहार को को बाद अगला मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के रूप में मिलने वाला है. के शीर्ष नेतृत्व के पास है. फिर भी, नीतीश कुमार की ओर से इस तरह का सार्वजनिक समर्थन राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है. वैसे भी बिहार में ये बात तो लगभग तैय है कि बीजेपी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पसंद ना पसंद का ध्यान रखना होगा. नीतीश भले ही राज्यसभा जा रहे में मगर बिहार की कमान अभी भी उनके ही हाथ में होगी. संकेत या रणनीति? जमुई की सभा में दिया गया बयान सिर्फ एक राजनीतिक औपचारिकता नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे सत्ता हस्तांतरण के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है. अब नजर इस बात पर है कि क्या नीतीश कुमार राज्यसभा जाने से पहले सम्राट चौधरी के हाथ बिहार की सत्ता सौंपना चाहते हैं? और क्या सम्राट चौधरी को बिहार की कमान मिलती है? फिलहाल, बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार का बयान और बॉडी लैंग्वेज बड़ा क्लू बना हुआ है.

## पटना के कंकड़बाग एरिया को जलजमाव से मिलेगी राहत



**पटना (एजेंसी)** पटना के भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के पास जल निकासी के लिए अत्याधुनिक नए ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। बरसात के दौरान पटना वासियों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े, इसलिए बुडको द्वारा नंदलाल छपरा डीपीएस को योगीपुर नाले से जोड़ा जा रहा है। भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के पास बॉक्स कलवर्ट और डायवर्जन ड्रेन को बाइपास ड्रेन की ओर जोड़ने का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 3.17 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना के तहत योगीपुर नाले का पानी नवनिर्मित डीपीएस तक पहुंचाया जाएगा। इस बदलाव से योगीपुर नाले के पानी को अब नंदलाल छपरा स्थित नए पंपिंग स्टेशन की मदद से डायवर्ट किया जा सकेगा, जिससे पहाड़ी डीपीएस का भार कम होगा। प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने पदाधिकारियों को निर्माण कार्य को मार्च तक पूरा करने का निर्देश दिया है, जिससे आगामी मानसून से पहले इस प्रणाली को चालू किया जा सके। इस नई प्रणाली के चालू होने से शहर के कई इलाकों में मानसून के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। इससे कंकड़बाग इलाके के लोगों का फायदा मिलेगा। योगीपुर नाले के पानी को सीधे नए डीपीएस से जोड़कर जल निकासी की क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। यह परियोजना कंकड़बाग क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## पति ने पुलिस बुलाई, मायके वाले भी पहुंचे, पटना के जक्कनपुर थाना में घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा




**पटना (एजेंसी)** पटना के जक्कनपुर इलाके के करबिगहिया के पास एक होटल में शादीशुदा महिला दोस्त के साथ कमरे में ठहरी थी। इसकी खबर महिला के पति को मिल गई। पति ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुला लिया। इतना ही नहीं, पति ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों को भी कॉल कर दिया। खबर लगते ही सभी होटल पहुंचे और महिला अपने दोस्त के साथ होटल के कमरे में रंगे हाथ पकड़ी गई। इसके बाद होटल से लेकर थाने तक घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। महिला का मायके राम कृष्ण नगर और ससुराल पटना सिटी इलाके में है। महिला और उसके प्रेमी दोनों शादीशुदा हैं। जिस लड़के के साथ महिला पकड़ी गई, वह झारखंड दुमका का रहने वाला है। पटना के राजीव नगर इलाके में रहकर एसएससी की तैयारी करता है। एसएससी की तैयारी करता है लड़का महिला के दोस्त ने पुलिस को बताया कि, अपने दोस्त सिद्धार्थ के कहने पर वह महिला की मदद करने आया था। उसका महिला से कोई संबंध नहीं है। मेरा दोस्त सिद्धार्थ और महिला पहले से एक दूसरे को जानते हैं।' उसने बताया कि, मेरे दोस्त सिद्धार्थ ने मुझे बताया था कि महिला के पति ने उसके साथ मारपीट की है। घर से बाहर निकाल दिया है। तुम पटना में हो तो जरा मदद कर दो। मदद के लिए मैं राजीव नगर से आया था। देर रात होने के चलते होटल के कमरे में दोनों ठहर गए थे। लड़के से बातचीत करती है पत्नी महिला के पति का आरोप है कि शादी के बाद भी पत्नी एक लड़के से बात करती थी। मैंने उसका नंबर वगैरह सब कुछ ब्लॉक कर दिया था। मेरी उससे बहस भी हुई थी। मैंने उसको समझाया भी था। फिर भी पता नहीं कैसे उसके संपर्क में है। एक दो साल का बच्चा है, इसका भी उसे ख्याल नहीं है।' पति का कहना है कि, जब भी पत्नी को समझाने-बुझाने का प्रयास करता हूं। मेरे ऊपर मारपीट का लांछन लगाकर थाने पर पहुंच जाती है। सोमवार की रात वह बिना बताए निकल गई थी। मंगलवार की सुबह पता चला कि होटल में ठहरी है। लड़के के पक्ष में थे लड़की के परिजन महिला पक्ष की ओर से उसकी मां, बहन, भाई, मामी और मामा जक्कनपुर थाने पर आए थे। वह सभी महिला पर ही आरोप लगा रहे थे। महिला के मायके पक्ष की लोगों का कहना था कि, जब भी हम लोग समझने का प्रयास करते हैं, हम लोगों के खिलाफ ही खड़ी हो जाती है। जो भी की है, यह बिल्कुल गलत है।' महिला के परिजनों का कहना है कि, पहले तो जिस लड़के से बातचीत करती है, जो दोस्त पकड़ा गया है, उसे थाने पर बुलाएं। इसे हम लोग अपने घर भी नहीं ले जा सकते हैं। वहां से भी कभी भी भाग सकती है। - र- पांच घंटे तक चला ड्रामा इस मामले को लेकर थाने पर ही चार-पांच घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पति, महिला और उनके परिजन काफी देर तक थाने पर ही मौजूद थे। बाद में पुलिस ने समझा बुझाकर महिला और उसके परिजनों को घर भेज दिया।

## एजेंसी के बाहर भोर से लाइन में लगे रहे लोग, सिलेंडर नहीं मिलने पर हंगामा

**पटना (एजेंसी)** शहर में गैस सिलेंडर के लिए लोग परेशान हैं। मंगलवार को सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने जक्कनपुर स्थित पाटली गैस एजेंसी पर हंगामा किया। उपभोक्ताओं ने कहा कि रविवार को गैस का वितरण हुआ था। सोमवार को एजेंसी बंद रही। मंगलवार को एजेंसी खुली, लेकिन बहुत लोगों को बिना सिलेंडर दिए लौटाया गया। स्थानीय ओम प्रकाश ने कहा कि सुबह 3 बजे से लाइन में खड़े रहे, पर दोपहर तक गैस नहीं मिली। इसके बाद लोगों ने हंगामा कर दिया। लोगों का आरोप था कि गैस सिलेंडर आ रहा है। लेकिन, वितरण सही से नहीं हो रहा है। जो लोग पैसा अधिक दे रहे हैं, उनको गैस मिलने में परेशानी नहीं हो रही है। जक्कनपुर की सोनी कुमारी ने कहा कि दो दिन पहले बुकिंग होने के बावजूद गैस नहीं मिली। गोपाल कुमार ने कहा कि गैस नहीं है। बच्चे भूखे हैं। दो दिन से कंधे पर सिलेंडर लेकर आ रहा हूं, लौट जा रहा हूं। जानकारी पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। उधर, आशियाना-दीघा रोड स्थित सिमोली गैस एजेंसी से लोग खाली सिलेंडर लेकर वापस लौटे। अमित कुमार ने कहा कि सुबह 5 बजे गैस एजेंसी पहुंचे तो 48 लोगों के पीछे सिलेंडर रखकर लाइन में लगे। लेकिन, गैस का ट्रक नहीं आया। खाली सिलेंडर लेकर लौटना पड़ा। गर्दनीबाग स्थित सत्या गैस एजेंसी पर काफी संख्या में लोग खड़े रहे। इसी तरह जिले की अन्य एजेंसियों पर लोग गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लग रहे हैं। प्रशासन का दावा : हर दिन 41 हजार सिलेंडर की बिक्री जिला प्रशासन ने मंगलवार को 41,094 गैस सिलेंडर बिक्री का दावा किया। एडीएम सप्लाई और विशिष्ट अनुभाजन अधिकारी ने प्रेसवार्ता में बताया कि जिले में 136 गैस एजेंसी हैं। 16,65,360 उपभोक्ता हैं। अबतक 5,50,120 गैस की बुकिंग हुई है। एक दिन में औसतन 35,461 बुकिंग की जा रही है। जबकि, दैनिक गैस सिलेंडर की औसत बिक्री की संख्या इससे लगभग 6 हजार अधिक है। अभी 41,094 सिलेंडर की बिक्री हो रही है। एजेंसियों के पास एलपीजी की कमी नहीं है। परेशानी होने पर जिला प्रशासन के हेल्पलाइन नंबर - 0612-2219810 पर कॉल करें। तत्काल सहायता पहुंचाई जाएगी। पैनिक होकर बुकिंग करने की जरूरत नहीं है। जिले में बुकिंग के बावजूद 1,51,381 लोग नया गैस सिलेंडर लेने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रतिदिन 32000 सिलेंडर आ रहे हैं। आईओसीएल के 20 हजार, बीपीसीएल के 9 हजार और एचपीसीएल के 3 हजार सिलेंडर हैं। जिले में आईओसीएल की 73 गैस एजेंसियों के 9,59,689 उपभोक्ता हैं। बीपीसीएल की 40 गैस एजेंसियों के पास 4,76,783 और एचपीसीएल की 23 एजेंसियों के पास 2,28,888 उपभोक्ता हैं।

## रामनवमी में रात 2 बजे खुलेगा महावीर मंदिर का पट:15 नैवेद्यम काउंटर बनाए जाएंगे, डीएम ने की समीक्षा बैठक



**पटना (एजेंसी)** देश में 27 मार्च को रामनवमी मनाई जाएगी। इसके लिए पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में रात 2 बजे ही पट खुल जाएगा। पट खुलते ही 15 मिनट आरती होगी। आरती खत्म होते ही प्रसाद चढ़ाने और दर्शन करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो 27 मार्च को रात को होने वाली आरती तक चलेगा। रामनवमी की तैयारी को लेकर आज महावीर मंदिर में पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और सीनियर एसपी कार्तिकेय के शर्मा की मौजूदगी में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में महावीर मंदिर में पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और सीनियर एसपी कार्तिकेय के शर्मा समेत अन्य। बैठक में महावीर मंदिर में पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और सीनियर एसपी कार्तिकेय के शर्मा समेत अन्य। महिला भक्तों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की मांग इस बैठक में मंदिर के एसीईओ बीके मिश्रा, मंदिर अधीक्षक के सुधाकरण, मार्केट समिति के पदाधिकारी और सदस्य, विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी आदि शामिल थे। रामनवमी के दिन भक्तों को मिलने वाली सुविधा और व्यवस्था पर चर्चा हुई। डीएम ने कतार लगने वाले भक्तों के सुविधा के लिए कई निर्देश दिए। जिससे भक्तों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। साथ ही साथ उन्होंने उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। महिला भक्तों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की भी मांग की गई है। जिससे महिलाओं में अधिक देर तक लाइन में खड़ा नहीं रहना पड़े। मंदिर में नैवेद्यम लड्डू के लिए कोई काउंटर नहीं रहेगा मंदिर में नैवेद्यम लड्डू के लिए कोई काउंटर नहीं रहेगा। सभी काउंटर बाहर में रहेंगें। राम नवमी के दिन लोहे और बांस का बैरिकेडिंग, धूप से बचाव के लिए छावनी, पूरे रास्ते में समुचित लाइटिंग, विभिन्न जगहों पर बड़ा एलईडी स्क्रीन, एलईडी पर लाइव पूजा देखने, पानी, शर्बत और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था, मेडिकल कैंप, एंबुलेंस, विभिन्न जगहों पर करीब 15 नैवेद्यम लड्डू काउंटर की व्यवस्था की जाएगी। पूजा के लिए अयोध्या से पुजारी बुलाए जाएंगे। जिससे कतार में लगे भक्तों की भीड़ को समुचित तरीके से नियंत्रित किया जा सके। इस बार 24 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। 18 हजार किलो नैवेद्यम बनाकर तैयार रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर और 6 हजार किलो की तैयारी रखी जाएगी। वैसे बीते साल भी 18 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करके रखा गया था। उसी के मद्देनजर इस बार 24 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

## प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत:बिजली दर में 25 पैसे प्रति यूनिट तक कटौती संभव, होगा अंतिम फैसला



**पटना (एजेंसी)** । राज्य में बिजली दरों को लेकर आज बड़ा फैसला सामने आ सकता है। प्रीपेड मीटर उपयोगकताओं के लिए राहत की खबर है, क्योंकि उन्हें बिजली की दरों में प्रति यूनिट 25 पैसे तक की छूट मिलने की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ ही शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को भी एक अप्रैल से करीब 18 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिल सकती हैं। जानकारी के अनुसार, बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली दरों में संशोधन और स्लैब को एक करने के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय आज आयोग की बैठक में लिया जाएगा। प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी की घोषणा भी की जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को सीधी राहत राज्य में तेजी से लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह फैसला खासा लाभकारी हो सकता है। प्रस्ताव के मुताबिक, जिन उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उन्हें बिजली की दर में 25 पैसे प्रति यूनिट तक की कमी का फायदा मिलेगा। इससे मासिक बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए भी राहत शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त या रियायती दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा, नई दरें लागू होने के बाद सामान्य उपभोक्ताओं को भी प्रति यूनिट लगभग 18 पैसे की कमी का लाभ मिलेगा। स्लैब एक करने का प्रस्ताव बिजली दरों को सरल बनाने के लिए अलग-अलग स्लैब को एक करने का प्रस्ताव भी दिया गया है। अभी 0 से 100 यूनिट तक और 100 यूनिट से अधिक खपत पर अलग-अलग दरें लागू हैं। वर्तमान में 0झ100 यूनिट तक करीब 7.42 रुपये प्रति यूनिट और 100 यूनिट से ऊपर करीब 8.95 रुपये प्रति यूनिट की दर है। प्रस्ताव के अनुसार, स्लैब एक होने के बाद एक समान दर लागू की जाएगी, जो लगभग 7.77 रुपये प्रति यूनिट हो सकती है। इससे उपभोक्ताओं को बिल समझने में आसानी होगी और दरों में पारदर्शिता आएगी। अनुदान जारी रहने पर और राहत अगर राज्य सरकार वर्तमान अनुदान व्यवस्था को जारी रखती है, तो उपभोक्ताओं को और अधिक राहत मिल सकती है। अनुमान है कि प्रभावी दर घटकर करीब 4.34 रुपये प्रति यूनिट तक आ सकती है, जो वर्तमान दरों की तुलना में लगभग 18 पैसे प्रति यूनिट सस्ती होगी। व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए भी बदलाव संभव सूत्रों के अनुसार, व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए भी स्लैब को दो से घटाकर एक करने और फिक्स्ड चार्ज में कमी करने पर विचार किया जा रहा है। इसके तहत न्यूनतम शुल्क को घटाकर करीब 150 रुपये करने का प्रस्ताव है, जिससे छोटे व्यवसायियों को राहत मिल सकती है। आज होगा अंतिम फैसला बिहार विद्युत विनियामक आयोग की बैठक में आज इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। फैसले के बाद नई दरें और सब्सिडी संरचना की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम श्री यूपीजी हाई स्कूल डेबो में वार्षिक महोत्सव धूमधाम से संपन्न




**चौपारण :** चौपारण प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डेबो में बुधवार को वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीआरपी बजरंग प्रसाद, मुखिया सरिता देवी एवं प्रभारी एचएम दानिश अली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया तथा पौधा व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।
कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य सहित कई आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसे उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। वहीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुखिया सरिता देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। वहीं प्रभारी एचएम दानिश अली ने कहा कि विद्यालय परिवार का प्रयास है कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में शिक्षक सरयू राणा, राजेश पंडित, संतोष कुमार, सीआरपी बजरंग प्रसाद, एसएमसी अध्यक्ष अशोक यादव, पंचायत समिति सदस्य बालेश्वर साव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह और तालियों की गूंज से सराबोर रहा।

### नये बजरंग दल का गठन, विनोद कुमार बरनवाल बने अध्यक्ष



**विष्णुगढ़ :** रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य झांकी और पूजा के आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को विष्णुगढ़ में सरगर्मी तेज रही। अखाड़ा चौक स्थित बंशीधर मंदिर परिसर में नये बजरंग दल की बैठक आयोजित की गई। राहुल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में उत्सव को शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से मनाने की तैयार की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा रामनवमी के दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारगी और प्रशासनिक नियमों का पालन करते हुए भव्य झांकी निकालना रहा। वक्ताओं ने कहा कि रामनवमी का त्योहार विष्णुगढ़ की परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। जिसे पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।नव गठित कमेटी में विनोद कुमार बरनवाल को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है।वहीं लखन प्रसाद और गौतम भारती को उपाध्यक्ष बनाया गया है।विकास कुमार बरनवाल उर्फ विक्की को सचिव, आकाश लाल व गौरी शंकर उर्फ बंटी को सह सचिव, कुंदन कुमार मिश्र को कोषाध्यक्ष तथा भास्कर दुबे को मीडिया प्रभारी नामित किया गया है। कार्यकारिणी में उत्सव बरनवाल, विशाल साव, अनुराग भारती, रोनित कुमार, दीपक बर्मा, बिनु बर्मा, उदित शर्मा, सुमन साहू, विकास साहू, महेंद्र राम, सुधांशु कुमार, अमन साहू विष्णु कुमार, विष्णु भगत और अमित कुमार को जगह दी गयी है।

### संरक्षक में नाम दिए जाने पर जताया एतराज

**विष्णुगढ़ :** रामनवमी के मौके पर गठित महासमिति के संरक्षक के रूप में उनका नाम दिए जाने का गोविंद शर्मा ने एतराज जताया है। कहा है कि वे किसी भी बैठक में शामिल नहीं थे। बावजूद इसके महासमिति का उन्हें संरक्षक बनाया गया है। साथ ही सवाल उठाया है कि संरक्षक का पद एकल होता है, मगर दर्जन भर लोगों को महासमिति का संरक्षक नामित किया गया है।

### झामुमो प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से की मुलाकात

विष्णुगढ़ : झामुमो युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गौरव पटेल के नेतृत्व में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान विष्णुगढ़ प्रखंड के मडमों पंचायत की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त का ध्यान मडमों पंचायत की स्थानीय समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया। कहा गया कि ?पंचायत में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। योजनाएं लंबित हैं।इसके अलावा प्रशासनिक स्तर पर होने वाली समस्याओं का भी जिक्र किया। उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि मडमों पंचायत की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड उपाध्यक्ष फलजीत ठाकुर और मडमों पंचायत अध्यक्ष राजीव कुमार महतो शामिल थे।

### ऐतिहासिक होगा झामुमो का 47 वां स्थापना दिवस - उज्ज्वल कुमार सिंह



**चौपारण :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 47 वें स्थापना दिवस को लेकर बुधवार को प्रखंड के डाक बंगला परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार सिंह ने की।बैठक में आगामी 4 अप्रैल को हजारीबाग में आयोजित होने वाले 47 वें स्थापना दिवस समारोह को भव्य और ऐतिहासिक बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि चौपारण प्रखंड से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता समारोह में भाग लेंगे। प्रखंड अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार सिंह ने कहा कि इस बार का स्थापना दिवस कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा, जिसमें कार्यकताओं का उत्साह और सहभागिता संगठन की मजबूती को प्रदर्शित करेगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन शामिल होंगी, जिससे कार्यकताओं में खासा उत्साह है। वहीं पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अब्दुल सलाम ने कहा कि यह कार्यक्रम संगठन की ताकत दिखाने का बेहतरीन अवसर है। उन्होंने कहा कि चौपारण प्रखंड से रिकॉर्ड संख्या में कार्यकर्ता भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे। ज्ञात हो कि उज्ज्वल कुमार सिंह के नेतृत्व में चौपारण प्रखंड में झामुमो संगठन लगातार मजबूत हुआ है। उनकी सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकताओं के साथ बेहतर समन्वय के कारण पार्टी को जमीनी स्तर पर नई पहचान मिली है।

# पहली बार किसी डीजीपी ने हजारीबाग पहुंचकर रामनवमी दिवस मार्ग का किया भौतिक सत्यापन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा ने बुधवार को हजारीबाग पहुँचकर आगामी रामनवमी जुलूस मार्ग का भौतिक निरीक्षण किया है। यह पहली बार है जब झारखंड के किसी पुलिस महानिदेशक ने स्वयं हजारीबाग की सड़कों पर उतरकर रामनवमी रूट का भौतिक सत्यापन किया है। डीजीपी ने शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों और जुलूस मार्गों का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से झंडा चौक पर सड़क पर उतरकर रूट की जानकारी ली और बड़ा अखाड़ा में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को फुल प्रूफ सुरक्षा योजना तैयार करने का निर्देश दिया। सुरक्षा के लिए ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी कैमरों लगभग 130-145 कैमरे और कंट्रोल रूम के माध्यम से पैनी नजर रखने की बात कही गई है। निरीक्षण के दौरान उनके साथ बोकारो रेंज के आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी अंजनी कुमार झा, हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, और एसपी अंजनी अंजन समेत जिले के तमाम वरीय अधिकारी मौजूद रहे। डीजीपी ने मीडिया से बात करते आम जनता से शांति और भाईचारे का माहौल बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।यह कदम पिछले वर्षों विशेषकर 2025 में जुलूस के दौरान हुई पत्थरबाजी और तनाव की घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाया गया है। हजारीबाग में रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस



महकमा पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को झारखंड की डीजीपी ने हजारीबाग पहुंचकर एसपी कार्यालय के सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में हजारीबाग के डीआईजी, उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन एसडीपीओ अमित आनंद समेत अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान डीजीपी ने रामनवमी पर्व को लेकर की गई सुरक्षा तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने डीसी और एसपी से अब तक की गई व्यवस्थाओं की पुरी जानकारी ली। डीजीपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि पर्व के दौरान हर हाल में विधि-व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ करें।
डीजीपी ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर शहर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए जुलूस मार्गों पर विशेष निगरानी, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था और संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।उन्होंने यह भी कहा कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, चिकित्सा सुविधा, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए जाएं। साथ ही अफवाहों पर नजर रखने और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को भी सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।
बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आपसी समन्वय बनाए रखते हुए कार्य करें, ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत और प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
इस दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने डीजीपी को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन रामनवमी को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। डीजीपी के इस उच्चस्तरीय बैठक के बाद यह साफ हो गया है कि हजारीबाग में इस बार रामनवमी को लेकर सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियां पहले से कहीं अधिक मजबूत और व्यवस्थित की गई हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से 36 वर्षीय युवक की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चरही :** चुरचू प्रखंड के निमाडी गांव में मंगलवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में 36 वर्षीय राम अवतार सिंह की आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक राम अवतार सिंह,पिता वासुदेव सिंह के पुत्र थे। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।
परिजनों के अनुसार, मंगलवार की शाम लगभग 7:30 बजे मौसम अचानक बदल गया था और आसमान में घने बादल छा गए थे। उसी समय राम अवतार सिंह अपने ईंट भट्ठे पर काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि वे भट्ठे पर




बन रही ईंटों को बारिश से बचाने के लिए ढकने गए थे। काम पूरा करने के बाद वे मोबाइल फोन की रोशनी में घर लौट रहे थे।
इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली कड़कने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इससे पहले कि राम अवतार सिंह कुछ समझ पाते, उनके पास ही तेज बिजली गिर गई। बिजली गिरने की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उनका मोबाइल फोन भी फट गया। इस घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।
घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस अचानक हुए हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि राम अवतार सिंह मेहनती और मिलनसार व्यक्ति थे, जो अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए लगातार मेहनत करते थे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता प्रदान की जाए।

## कंदा पहरी के जंगल में लगी आग, वन समिति के सदस्यों ने पाया काबू

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत कंदा पहरी के जंगल में असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई गई आग ने वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाया है। बुधवार को जंगल से उठती आग की लपटों और धुएं के गुबार को देखकर आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया। हालांकि, समय रहते वन रक्षा समिति मायापुर के सदस्यों ने तत्परता दिखाई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, किसी अज्ञात व्यक्ति ने जंगल के सूखे पत्तों में आग लगा दी थी, जो देखते ही देखते काफी बड़े इलाके में फैल गई। इस अगलगी में बेशकीमती पेड़-पौधों के साथ-साथ



छोटे जीव-जंतुओं और पक्षियों के घोंसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। आग की तपिश के कारण कई सरीसृप और छोटे जानवर इसकी चपेट में आकर झुलस गए। आग लगने की सूचना मिलते ही वन रक्षा समिति मायापुर के सदस्य बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचे। वन कर्मियों के पहुंचने से पहले ही सदस्यों ने पारंपरिक संसाधनों और सूझबूझ से आग की दिशा को मोड़ा और उसे बुझाया। यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती, तो आग आबादी वाले क्षेत्रों या घने जंगलों की ओर बढ़ सकती थी। आग बुझाने के इस साहसिक कार्य में समिति के सक्रिय सदस्य मो. हबीब, अजीत कुमार दास, अशोक कुमार मंडल, रवि शर्मा, महेश मंडल, शाहजहां, गणेश भुइयां मुख्य रूप से शामिल रहे।

## महुदी गांव में रामनवमी शोभायात्रा पुनः शुरू करने की मांग, विधायकों ने दिया धरना




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में रामनवमी शोभायात्रा को पुनः प्रारंभ करने की मांग को लेकर झारखंड विधानसभा के बाहर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी प्रदीप प्रसाद तथा निर्मल महतो ने संयुक्त रूप से तख्तियों के साथ धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद किया।
धरना-प्रदर्शन के दौरान बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि महुदी गांव में वर्षों से निकलने वाली रामनवमी शोभायात्रा क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा रही है। इसे बंद किया जाना स्थानीय लोगों की भावनाओं को आहत करने वाला कदम है। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक पहल करते हुए शोभायात्रा को पुनः प्रारंभ करने की अनुमति दी जाए। आगे विधायक श्री चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता की आस्था और परंपरा का सम्मान करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से किया जा रहा है तथा आगे भी जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। आगे उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार पुष्टिकरण की राजनीति कर रही है हिंदुस्तान एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हिंदुस्तान में हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में ईद सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बड़कागांव :** जिला प्रशासन के द्वारा बड़कागांव में ईद ,सरहुल एवं रामनवमी पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें बड़कागांव, केरेडारी एवं डाड़ी प्रखंड के लोगों ने भाग लिया और त्योहार से संबंधित अपनी अपनी बातों को रखा। परंतु बैठक में एक भी मुस्लिम प्रतिनिधि नजर नहीं आए। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग उपविकास आयुक्त रिया सिंह एवं संचालन बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने किया। क्षेत्र में सौहार्द बहाल करने की उद्देश्य से आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक लगभग 12:00 बजे शुरू हुआ और 1:15 बजे यानि मात्र सावे घंटे में बैठक संपन्न हो गया। व्यस्तता के कारण हजारीबाग उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक बैठक में शामिल नहीं हो पाए। बैठक में सबसे अधिक महुदी रामनवमी की जुलूस निकालने की मांग छाया रहा। कई लोगों ने जुलूस निकालने का सुझाव भी प्रशासन को दिया। डीडीसी ने लोगों की बातों को गंभीरता से सुना और अपने संबोधन में कहा कि आप लोगों की बातों को मैं उच्च अधिकारियों के पास भेज दूंगी। त्यौहार में अफवाहों पर ध्यान नहीं दें एआई माध्यम से माध्यम से भी अफवाहें फैलती है इस पर ध्यान नहीं देना है।
महुदी रामनवमी जुलूस मार्ग को लेकर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि प्रशासन चाह ले तो 10 मिनट में मामले का समाधान हो जाएगा, इस समस्या का समाधान करना प्रशासन की जिम्मेवारी है। सीताराम राणा, रामचरित्र प्रसाद, रंजीत चौबे, महेंद्र महतो, खेमलाल महतो, महुदी रामनवमी जुलूस मार्ग से संबंधित मुद्दे को लेकर गंभीरता पूर्वक अपनी बातों को रखा एवं प्रशासन से जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई करते हुए रामनवमी शोभा यात्रा निकालने की मांग की। कांग्रेस के नेता सुरेश महतो ने कहा कि पूर्व डीसी ने रामनवमी महुदी जुलूस मार्ग को लेकर हिंदू मुसलमान दोनों को ठगा है। प्रशासन इस समस्या को सुलझाएं अन्यथा कब्रिस्तान में गया हिंदुओं की जमीन को हम लोग वापस निकालेंगे। 363 दिन हिंदू मुस्लिम एक साथ रहते हैं एक कालीकरण रोड से ही आना-जाना करते हैं और मात्र दो दिन के लिए बैरियर लगा दी जाती है। इससे अच्छा है कि बराबर के लिए दीवार खड़ी कर दी जाए। वहीं डीडीसी के द्वारा महूदी मार्ग को लेकर कुछ नहीं बोलने पर ग्रामीण भड़क गए लोगों ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक समाप्ति के पश्चात विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने बैठक को बहिष्कार करने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग डीडीसी रिया सिंह, आईएएस आनन्द शर्मा, एसी संतोष सिंह, डीटीओ बैजनाथ कामते, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो , डीएलएओ निर्भय कुमार, सिविल सर्जन अशोक कुमार, बड़कागांव बीडीओ जितेंद्र मंडल, सीओ मनोज कुमार, बीडीओ करेड़ारी विवेक कुमार, सीओ केरेडारी रामरतन वर्णवाल, सीओ डाडी कमलकांत वर्मा, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रमुख फुलवा देवी ,जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ,सागेन मुर्मू ,रामकुमार राम, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार,उप प्रमुख वचन देव कुमार, टुकेश्वर प्रसाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, शशि कुमार मेहता ,हेमंत भुईंया, विशेश्वर नाथ चौबे, संजय कुमार, उपेंद्र प्रसाद, सुरेश महतो, चंदन पुरी, रंजीत चौबे, कृष्ण सिंह आदि उपस्थित थे।

# केरेडारी के बटुका में प्रथम सरना स्थापना सह प्रार्थना सभा का किया गया आयोजन

### मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड प्रदेश धर्म गुरु राजेश लिण्डा हुए शामिल

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखण्ड अन्तर्गत बुण्डू पंचायत के ग्राम बटुका में प्रथम सरना स्थापना सह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड प्रदेश के धर्म गुरु राजेश लिण्डा तथा विशिष्ट अतिथि में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मोहन कुमार, पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो, धर्म गुरु रघुनाथ उराँव, चतरा जिला अध्यक्ष बुधन उराँव, धर्म अगुवा रामदेव उराँव मुख्य रूप से उपस्थित हुए थे। आयोजन समिति के लोगो ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के लोगों को पूरे घुम धाम से स्वागत कर सरना स्थल तक ले गए । धर्म



गुरु रघुनाथ उराँव ने धरती माँ को प्रणाम कर सरना विधि विधान से पूजा अर्चना कर माँ सरना झण्डा गड़ी किया । इस अवसर पर धर्म गुरु रघूनाथ उराँव ने लोगो को संबोधित करते हुए सरना धर्म के बारे में विस्तार पूर्वक लोगों को जानकारी दिये।मुख्य अतिथि झारखण्ड प्रदेश धर्म गुरु राजेश लिण्डा ने प्रथम सरना स्थापना सह प्रार्थना सभा का सफल आयोजन के लिए ग्राम बटुका के आयोजन समिति एवं तमाम सरना धर्मावलम्बी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिये । साथ ही सरना धर्म एवं माँ सरना को गाँव के किनारे क्यों स्थापना किया जाता है इन सभी के बारे में विस्तार पूर्वक बताएँ । इस अवसर पंसस मोहन कुमार एवं पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो ने भी लोगो को संबोधित किया । पूरे कार्यक्रम का संचालन विनय बेक ने किया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष नागेश्वर उराँव, सचिव राजेन्द्र उराँव, कोषाध्यक्ष राम सहाय उराँव , पाहन बालेश्वर उराँव, पाहन हेमंत उराँव, कोटवार सुकेश उराँव, पनभोरा बिरेन्द्र उराँव पनभोरा अरविन्द खलखो किशुन कुजुर विनय बेक अनिल तिर्की सोनु कुजुर महेन्द्र उराँव उपेन्द्र उराँव मोहन उराँव आशिष तिर्की किशोर तिकीट चईया मिंज सुनिता किस्पोट्टा सितामणी तिग्गा झिंगिया तिग्गा रंजित टोप्पो अरविन्द्र खलखो सरिता उराँव संजय टोप्पो सुकय तिर्की रूपन खलखो मनीष उराँव एवं समस्त सरना धर्मावलम्बी का योगदान रहा।

## आयुष्मान कार्ड निर्माण में लाएं तेजी, गुलाबी रंग में नजर आएंगी राशन दुकानें : बीडीओ

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**विष्णुगढ़ :** आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत लाभार्थियों का कार्ड बनाने के लक्ष्य को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को पीडीएस डीलरों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सौरभ प्रकाश मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य वंचित पात्र परिवारों को योजना से जोड़ना रहा। बीडीओ ने सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र के उन लाभार्थियों की पहचान करें जिनका अब तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। शत-प्रतिशत लाभार्थियों का कार्ड बनाना लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में ई-केवाईसी के माध्यम से जल्द से जल्द कार्ड बनाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। छूटे हुए परिवारों को चिन्हित कर कार्ड बनवाने में सक्रिय सहयोग करने को कहा गया।प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने राशन वितरण की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी लाभुकों को समय पर और पारदर्शिता के साथ राशन मुहैया करने की हिदायत दी गयी। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अब सभी राशन दुकानों को गुलाबी रंग से रंगना अनिवार्य बताया गया। दुकान के बाहर सभी कार्ड धारियों की सूची स्पष्ट रूप से लगानी होगी ताकि कोई भ्रम न रहे।

# फ्लाईओवर निर्माण प्रस्ताव, ट्रॉमा सेंटर संचालन व सख्त यातायात कार्रवाई पर डीसी के निर्देश

समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा की वर्तमान स्थिति, बढ़ते यातायात दबाव, लगातार लगने वाले जाम तथा सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को तेलगड़िया मोड़ से आईटीआई मोड़ तथा उकरीद मोड़ से बीएस सिटी रेलवे स्टेशन मोड़ तक फ्लाईओवर निर्माण हेतु विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने तकनीकी पहलुओं, लागत आकलन एवं व्यवहार्यता रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा, ताकि भविष्य में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम




को लेकर उपायुक्त ने रॉन्ग साइड से वाहन परिचालन पर सख्ती से रोक लगाने, संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेटिंग करने तथा प्रमुख स्थलों पर चेतावनी बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। पुलिस एवं ट्रैफिक विभाग को तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन आवर के भीतर त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग को पेटरवार एवं चंदनकियारी में ट्रॉमा सेंटर संचालन हेतु प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र व्यवस्था शुरू करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनावश्यक रूप से सड़क जाम करने वालों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करने तथा सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले नागरिकों (गुड समैरिटन) को चिन्हित कर सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। पेटरवार चौक पर लगने वाले जाम की समस्या को समाप्त करने के लिए थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को संयुक्त कार्रवाई का निर्देश देते हुए सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई तथा आवश्यकतानुसार जुर्माना वसूलने को कहा गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी मारूति मिंज, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे

## ईएसएल स्टील ने सिंदुरपेटी के नंदघर में बच्चों के साथ बांटी खुशियाँ




**बोकारो।** युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने और समुदाय से जुड़ाव मजबूत करने के उद्देश्य से ईएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर टीम द्वारा सिंदुरपेटी स्थित वेदांता समर्थित नंदघर में नेतृत्व दौरे का आयोजन किया गया। इस पहल का नेतृत्व डिप्टी सीईओ एवं होल-टाइम डायरेक्टर रवीश शर्मा ने किया। इस दौरे में बच्चों, अभिभावकों और समुदाय के प्रतिनिधियों की भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जिसके बाद नंदघर पहल तथा इसके शिक्षा और पोषण पर पड़ रहे सकारात्मक प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों द्वारा कविता पाठ प्रस्तुत किया गया, जबकि अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान आपसी सम्मान के प्रतीक के रूप में मुखिया एवं कंपनी प्रतिनिधियों के बीच शॉल का आदान-प्रदान किया गया। अतिथियों ने पारंपरिक गोधभराई एवं अन्नप्राशन समारोह में भी भाग लिया, जो नंदघर के समग्र विकास दृष्टिकोण को दर्शाता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों के बीच स्कूल बैग एवं पानी की बोतलों का वितरण रहा। अंत में अतिथियों ने पौधारोपण कर हरित भविष्य का संदेश दिया। इस अवसर पर रवीश शर्मा ने कहा कि ईएसएल स्टील केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि समुदाय के समग्र विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। नंदघर जैसे केंद्र बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में हेड-सीएसआर कुनाल दरिपा, मुखिया बसुदेव राजवार, शिक्षा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर (अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन) आनंद कुमार सहित सीएसआर टीम और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बिना डीजे रामनवमी जुलूस निकालने का निर्देश वापस ले सरकार : कुमार अमित



**बोकारो।** रामनवमी अखाड़ा समितियों की संयुक्त बैठक बुधवार को सेक्टर-3 थाना मोड़ स्थित शिव मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बजरंग विजय अखाड़ा समिति के संजय पांडे ने की। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने कहा कि बिना डीजे रामनवमी जुलूस निकालने का निर्देश अव्यावहारिक है और इससे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को ऐसे नियम बनाने चाहिए जिनका पालन व्यवहारिक रूप से संभव हो। उन्होंने कहा कि अखाड़ा समितियों को इस निर्देश के विरोध में एक मंच पर आकर जिला प्रशासन के माध्यम से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचानी चाहिए। साथ ही इस विषय पर स्थानीय विधायक की चुप्पी को भी उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। बैठक में उपस्थित विभिन्न अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों ने भी निर्देश का विरोध करते हुए कहा कि इसके आड़ में जुलूस के दौरान डीजे संचालकों को परेशान किए जाने तथा कार्रवाई की धमकी मिलने की शिकायतें सामने आ रही हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी अखाड़ा समितियां शीघ्र ही एकजुट होकर प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर उक्त निर्देश वापस लेने की मांग करेंगी। बैठक का संचालन नागेंद्र सिंह एवं नरेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर विभिन्न अखाड़ा समितियों के नवीन सिंह, के.एल. गुप्ता, अशोक कुमार, रामाश्रय प्रसाद, संजीव कुमार, जन्मजय गोस्वामी, संतोष पंडित, राजेश साह, लाल बाबू कुमार, कुंदन कालिंदी, विवेक कुमार, राजू सिंह, राहुल, सुनील मिश्रा, ए.के. सिंह, बी.एन. प्रसाद, हरि सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर महलीबांध में बैठक, भव्य शोभायात्रा का निर्णय

**कथारा।** महलीबांध व केंदुआ टोला स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में मंगलवार देर संध्या रामनवमी महापर्व को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न टोला से पहुंचे ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग व युवाओं की उपस्थिति रही। आयोजन को भव्य बनाने पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से ताशा पार्टी व आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के तहत 26 मार्च अष्टमी की संध्या महावीर ध्वज स्थापित किया जाएगा, जबकि नवमी को ध्वज के साथ शोभायात्रा महावीर मंदिर केंदुआ से निकलकर टंडियापार, भागलपुर, ठाकुर टोला, बाबूराम टोला, रवानी टोला, पिपरा टोला, कथारा दो नंबर, भुरकुंडवा बस्ती व मुख्य चौक होते हुए दुर्गा मंडप पहुंचेगी, जहां अखाड़ों का मिलन व ध्वज प्रदर्शन होगा। बैठक में नई कमेटी का गठन किया गया। संरक्षक राजेश प्रजापति व भुनेश्वर रजवार, अध्यक्ष राजेंद्र नारायण सिंह, उपाध्यक्ष मनीलाल सिंह, शक्ति सिंह, मिथिलेश रजवार बनाए गए। सचिव चंद्रदेव यादव, उप सचिव संजय रजवार, तुलसी रजवार, अशोक रजवार, बैजनाथ रजवार, कोषाध्यक्ष दिगंबर रजवार, उप कोषाध्यक्ष बादल, भृगु रजवार, जितेंद्र कप्पटदार, विल्टू रजवार चुने गए। संगठन मंत्री तालेश्वर ठाकुर, उप संगठन मंत्री अभिषेक रवानी, सुनिल यादव, शंकर रजवार, पवन रजवार, प्रताप रजवार तथा मीडिया प्रभारी शिवशंकर सिंह बनाए गए।इसके अलावा अमित रजवार, पुनीत रजवार, विकास यादव, पवन रवानी, राजू यादव, राजकुमार यादव, अनिल रवानी, सुर्या सिंह, रवि सिंह, विक्कु सिंह ,समेत दो दर्जन युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण सहित अन्य व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई।

## बोकारो परिसदन की सेवाओं का होगा कायाकल्प, आधुनिक सुविधाओं पर प्रशासन का फोकस

**बोकारो।** बोकारो परिसदन को आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं नागरिक-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इस पहल के तहत परिसदन के संचालन, रख-रखाव, सुरक्षा, स्वच्छता एवं खान-पान की व्यवस्थाओं में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आगंतुकों, अधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री अजय नाथ झा की अध्यक्षता में बोकारो परिसदन संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिसदन संचालन हेतु नई एजेंसी के चयन को लेकर निविदा प्रकाशित करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रण (आरएफपी) के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूरा करने के



आवश्यक निर्देश दिए। परिसदन में सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया जाएगा। आवश्यकता अनुसार कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी तथा सभी कर्मियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड एवं आईडी कार्ड अनिवार्य किया जाएगा। कार्यों के स्पष्ट निर्धारण के साथ जवाबदेही तय करने के लिए दायित्वों का विभाजन भी किया जाएगा, जिससे अनुशासित एवं पेशेवर कार्यसंस्कृति विकसित हो सके। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाते हुए परिसदन में 24 घंटे सुरक्षा गार्ड की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जाएगी, जिससे सुरक्षा के साथ-साथ आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। स्वच्छता एवं हाइजीन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सफाई कर्मियों की 24म7 शिफ्टवार तैनाती की जाएगी, ताकि परिसर हर समय साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित बना रहे। परिसदन में आने वाले अतिथियों को स्थानीय स्वाद का अनुभव कराने के लिए 'बोकारो थाली ', 'बोकारो स्पेशल वेज थाली' एवं 'बोकारो स्पेशल नॉन-वेज थाली' की व्यवस्था की जाएगी। इन थालियों में स्थानीय व्यंजनों को प्राथमिकता दी जाएगी। थाली की दरों का निर्धारण परिसदन संचालन समिति द्वारा किया जाएगा, जबकि संचालन एजेंसी द्वारा सुबह एवं अन्य समय के लिए अलग-अलग मेनू तैयार कर समिति से अनुमोदन लिया जाएगा। परिसदन के संचालन हेतु होटल एवं आवासीय भोजन व्यवस्था से जुड़े अनुभवी एजेंसी का चयन टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। एजेंसी का तकनीकी मूल्यांकन, प्रेजेंटेशन एवं वित्तीय बोली के आधार पर चयन होगा। चयनित एजेंसी के कार्यों का एक वर्ष तक मूल्यांकन किया जाएगा तथा कार्य संतोषजनक पाए जाने पर अधिकतम एक वर्ष की अवधि का विस्तार दिया जा सकेगा। इसके साथ ही परिसदन संचालन समिति के सदस्य प्रत्येक सप्ताह परिसदन का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन उपायुक्त को सौंपेंगे, जिससे नियमित निगरानी, समस्याओं की शीघ्र पहचान एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार, जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चंद उरांव, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ईद व रामनवमी को लेकर नावाडीह थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित, सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने पर दिया गया जोर



**नावाडीह।** ईद और रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को नावाडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी अभिषेक कुमार तथा बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने की। बैठक में दोनों त्योहारों को शांतिपुर्वक, सौहार्द और भाईचारे के माहौल में मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार ने उपस्थित लोगों से सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करते हुए त्योहार मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाला जाए. साथ ही सभी से आपसी सहयोग और समन्वय बनाकर रखने की भी अपील की गई। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने अखाड़ा कमेटी के सदस्यों से कहा कि रूट चार्ट में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा। अखाड़ा कमेटी के सदस्य अखाड़ा खेल स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वाले तत्वों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अखाड़ा और जुलूस के दौरान प्रशासन की ओर से ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी. साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक या किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले संदेशों से बचने की अपील की गई।

## गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सदर अस्पताल में चला विशेष स्वच्छता अभियान

**बोकारो।** जिला गंगा समिति, बोकारो द्वारा गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को सदर अस्पताल परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य आमजन में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभियान के दौरान सदर अस्पताल के प्रशिक्षुओं एवं सफाई कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर अस्पताल परिसर के विभिन्न हिस्सों में सफाई करते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि स्वच्छ वातावरण न केवल बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है,



बल्कि गंगा सहित अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर सदर अस्पताल के प्रशासक, प्रशासनिक कर्मचारी, नोडल पदाधिकारी तथा डीपीओ नमामि गंगे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छता बनाए रखने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## जारंगडीह में श्रीरामचरित मानस महायज्ञ संपन्न, पूर्णाहुति के साथ भक्ति में डूबा क्षेत्र

**कथारा ।** जारंगडीह स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामचरित मानस नवाह पारायण महायज्ञ का समापन बुधवार, 18 मार्च 2026 को पूरे विधि-विधान, मंत्रोच्चारण, हवन एवं पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। अंतिम दिन यज्ञ में आचार्य अमित पांडे के नेतृत्व में विधिवत हवन कराया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी और भगवान श्रीराम के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति गीतों, मंत्रोच्चार और 'जय श्रीराम' के जयघोष से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर



रामचरित मानस का पाठ सुनते रहे और पूजा-अर्चना में शामिल हुए। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के उपरांत कन्या पूजन एवं ब्राह्मण भोजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन समिति के सचिव बसंत ओझा ने बताया कि जारंगडीह में पिछले 69 वर्षों से यह धार्मिक परंपरा निरंतर चली आ रही है। महायज्ञ के दौरान वृंदावन-मथुरा से आई महिला प्रवक्ता डॉ. प्रज्ञा भारती, अयोध्या धाम से अशोक दास जी महाराज एवं आचार्य शुभम कुमार उपाध्याय द्वारा नौ दिनों तक श्रीराम कथा एवं प्रवचन किया गया। वहीं अयोध्या धाम से पधारे मधुरेश जी महाराज द्वारा प्रतिदिन रामचरित मानस का पाठ किया गया। अमित पांडे ने कहा कि रामचरित मानस यज्ञ एवं हवन से घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है। इससे वातावरण शुद्ध होता है, नकारात्मकता दूर होती है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। कार्यक्रम का संचालन बसंत ओझा, जोगेंद्र सोनार, लखन चौहान, वासुदेव मंडल एवं अंजनी सिंह के नेतृत्व में किया गया।

आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा महायज्ञ को सफल बनाने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी। समापन समारोह में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा-युवतियां एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्किल एक्सीलेंस प्रतियोगिता-2026 के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित

**बोकारो** इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में 'अधिशासी निदेशक (संकार्य) स्किल एक्सीलेंस प्रतियोगिता-2026' के पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई।

इस प्रतियोगिता का आयोजन कुल दस प्रमुख तकनीकी श्रेणियों – फिटर, टर्नर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक्स, ड्राइव्स, पीएलसी,




हाइड्रोलिक्स, कोपा, इलेक्ट्रिशियन एवं इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक्स – में किया गया।

परिणामों के अनुसार फिटर श्रेणी में ब्लास्ट फर्नेस के बीरेन्द्र कपरदार विजेता रहे, जबकि सौविक दास प्रथम रनर-अप और अमरजीत गरेरी द्वितीय रनर-अप घोषित किए गए। टर्नर श्रेणी में संदीप पूर्ति प्रथम, शशि भूषण खाल्खो द्वितीय तथा बीरेन्द्र बी पूर्ति तृतीय स्थान पर रहे। एआई श्रेणी में मोहित गुप्ता विजेता बने, जबकि ए.के. पाण्डेय एवं अमर्त्य शिवम क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रनर-अप रहे। इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक्स में एम.के. पाण्डेय विजेता रहे, वहीं डी. कुमार एवं आर. कुमार दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। ड्राइव्स श्रेणी में उत्कर्ष ऋषभ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि करुणेश जायसवाल एवं संदीप कुमार क्रमशः उप-विजेता रहे। पीएलसी श्रेणी में अवधेश कुमार विजेता बने, जबकि विजय प्रसाद एवं पी. सिंह उप-विजेता रहे। हाइड्रोलिक्स श्रेणी में नंदलाल महतो विजेता रहे, जबकि आनंद कुमार मौर्य एवं पंकज ठाकुर क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रनर-अप घोषित किए गए। कोपा श्रेणी में सुकन्या भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं अमर्त्य शिवम एवं शैलेंद्र कुमार दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इलेक्ट्रिशियन श्रेणी में लक्ष्मण कुमार विजेता रहे, जबकि आदित्य नारायण एवं संगीता बनर्जी उप-विजेता रहे। इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक्स में अवनीश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुकन्या भारती एवं करुणेश जायसवाल क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम का समन्वय मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने विजेताओं की तकनीकी दक्षता, नवाचार क्षमता एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं संयंत्र की परिचालन उत्कृष्टता तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# जल महोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**सिमडेगाः-** जल महोत्सव पखवाड़ा (08 मार्च से 22 मार्च 2026) के अंतर्गत ह्यजल अर्पण दिवसह्न का आयोजन जल जीवन मिशन के तहत कोलेबिरा प्रखंड के ग्राम गोबरधसा, पंचायत नवाटोली में किया गया। *कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह, जिला परिषद सदस्य श्रीमती रोस प्रतिमा सोरेंग, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल श्री मुकेश कुमार, अंचलाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री अनुप कच्छप एवं विद्यालय के छात्रों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। जल सहिया एवं ग्रामीणों ने स्वागत गीत गाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी आगंतुकों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपायुक्त महोदया ने अपने संबोधन में कहा कि इस गाँव में आना उनके लिए सौभाग्य की बात है, क्योंकि यहाँ के लोगों ने सामूहिक प्रयास से जल प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि नल-जल योजना एवं जल टंकी की देखभाल जिस जिम्मेदारी से ग्रामीणों द्वारा की जा रही है, वह अन्य गाँवों के लिए प्रेरणास्रोत है।



उपायुक्त ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पानी की कमी का सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है, इसलिए जल संरक्षण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं से अपील की कि वे जल की बबार्दी रोकने और दूसरों को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। साथ ही उन्होंने चेताया कि अत्यधिक भू-जल दोहन भविष्य के लिए खतरा बन सकता है, इसलिए जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने भी अपनी संबोधन में ग्रामीणों को जल संरक्षण करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जल है तो जीवन है इसलिए जल को बचाएं मनुष्य के जीवन में जल की बहुत ही महत्व है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए जल मीनार चापाकल आदि के पास सोख्ता टैंक निर्माण करने की बात कहीं।

कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण एवं वन संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिससे लोगों को जागरूक किया गया। इसके पश्चात उपायुक्त द्वारा उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। साथ ही जल मीनार के समीप घड़े में जल अर्पित कर तथा धागा बांधकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल सहिया एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रवीण बारला को बेहतर प्लंबर कार्य तथा एमलेन सुरीन को जलकर वसूली एवं पेयजलापूर्ति योजना के रख-रखाव में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम स्वयं सहायता समूह की दीदी तथा जिले के सभी ग्रामों के लिए प्रेरणाश्रोत है।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने भी जल के महत्व को समझते हुए इसके संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत प्रतिनिधि, जल सहिया एवं अन्य कर्मीगण उपस्थित रहे।

## प्यासे गांव, अधूरी जल-नल योजना एक किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में गहराते पेयजल संकट को लेकर सांसद प्रतिनिधि लाल विकास नाथ साहदेव ने गंभीर चिंता जताई है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने पाया कि सरकार की महत्वाकांक्षी जल-नल योजना कई जगह अधूरी पड़ी है, जिससे ग्रामीणों की परेशानी कम होने के बजाय और बढ़ गई है। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि कहीं पानी टंकी खड़ी है तो बोरिंग नहीं, कहीं सोलर प्लेट लगा है तो टंकी ही नहीं लगाई गई है। इस तरह अधूरे ढांचे ग्रामीणों के लिए ह्यसफेद हाथीह्न साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जहां लोग



रोजाना एक किलोमीटर तक दूर जाकर पानी लाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी की शुरूआत के साथ ही संकट और भयावह हो गया है। क्षेत्र में मौजूद चापाकल भी जर्जर हालत में हैं, जिससे किसी तरह लोग पानी का इंतजाम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि की मौजूदगी में ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग के कर्मियों से बात कर अपनी समस्या रखी। विभागीय स्तर से खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया गया है। हालांकि लाल विकास नाथ साहदेव ने स्पष्ट कहा कि सिर्फ मरम्मत से काम नहीं चलेगा। जहां चापाकल पूरी तरह अनुपयोगी हो चुके हैं, वहां नए बोरिंग कराए जाने चाहिए, ताकि लोगों को स्थायी राहत मिल सके। ग्रामीणों ने खराब चापाकलों की सूची भी विभाग को सौंप दी है। मौके पर राजीव ताना भगत, शुफविलास उरांव, कदीर अंसारी, बिहार उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएँ, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमलाः** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया।इस दौरान तिजराज बिल्डकॉन (पार्टनर विकास कुमार साहू एवं दीपक प्रसाद) द्वारा मौजा दलमादी में प्रदत्त पत्थर खनन पट्टा के संदर्भ में रैयत सहमति पत्र की अपूर्णता एवं त्रुटिपूर्ण प्रस्तुतीकरण के आधार पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 19 के अंतर्गत कार्रवाई किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया।इसी क्रम में रामवृत साहु, पिता स्व० शिव शंकर साहु द्वारा कचहरी परिसर में किए गए निर्माण कार्य के एवज में शेष ?1,00,000/- भुगतान नहीं होने, विभागीय स्तर पर अनियमितता होने तथा लघु सिंचाई, गुमला के कार्यपालक अभियंता द्वारा भुगतान में विलंब किए जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई।वहीं ग्राम भरनो, थाना भरनो, जिला गुमला निवासी स्व. हीरालाल मारवाड़ी से संबंधित प्रकरण में आवेदक द्वारा ऑनलाइन परिसोधन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने के बावजूद तकनीकी त्रुटि के कारण खतियान एवं रजिस्टर-2 में नाम अंकित नहीं होने तथा आवेदन लंबित रहने की समस्या उपायुक्त के समक्ष रखी गई।इसके अतिरिक्त मौजा भरनो, थाना भरनो, जिला गुमला स्थित भूमि के वैध स्वामित्व के बावजूद अंतर्गत म्यूटेशन (नामांतरण) लंबित रहने के संबंध में भी आवेदन प्रस्तुत किया गया।साथ ही ग्राम पंचायत लुंगटू, प्रखंड बसिया की मुखिया द्वारा कुलुसेरा तानालोया स्थित कोयल नदी के बालू घाट को पुनः जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन में शामिल करने एवं 100 उत्रळ्ळ बालू चालान स्वीकृत करने की मांग की गई, जिससे स्थानीय स्तर पर विकास कार्य एवं रोजगार को गति मिल सके।उपायुक्त ने सभी प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच कर प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं संवेदनशीलता के साथ निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस आमजन की समस्याओं के समाधान का एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां प्रत्येक आवेदन पर त्वरित कार्रवाई प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## भरनो में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन ,7 यूनिट रक्त संग्रहित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**भरनो(गुमला):** उपायुक्त गुमला के निदेर्शानुसार भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को सदर अस्पताल गुमला के ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन बीडीओ अरुण कुमार सिंह एवं सीओ अविनाश कुजूर ने संयुक्त रूप से किया।इस दौरान उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को आगे आकर इस पुनीत कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।शिविर में स्थानीय लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक कार्यकताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार आलम के नेतृत्व




में दो कांग्रेस कार्यकताओं ने शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया।पूरे शिविर के दौरान कुल 7 यूनिट रक्त संग्रह किया गया,जिसे जरूरतमंद मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा।मौके पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है।उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति का छोटा-सा प्रयास किसी दूसरे व्यक्ति के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की,ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की कमी से किसी की जान न जाए।वहीं सीओ अविनाश कुजूर ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर समाज में जागरूकता बढ़ाने का काम करते हैं और लोगों को मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं।मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार आलम ने कहा किरक्तदान शिविर के माध्यम से न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराया गया,बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूती मिली।ऐसे आयोजन लोगों को मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाते हैं।इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो के बीपीएम रविन्द्र कुमार,राणा चंदन सिंह, प्रवीण कुमार,अनीता कुजूर, प्रेम प्रसाद,कपिल गोप सहित सीएचसी भरनो एवं ब्लड बैंक गुमला के कई कर्मी उपस्थित थे,जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डीडीसी दिलेश्वर महतो ने दो सोलर लिफ्ट इरिगेशन यूनिट व जल मीनार का किया उद्घाटन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**घाघरा(गुमला ):** घाघरा प्रखंड के धोबनी में बाएफ संस्था द्वारा एचआरडीपी परियोजना द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया। एचडीएफसी द्वारा वित्तपोषित बदरी एवं धोबनी में स्थापित दो सोलर लिफ्ट इरिगेशन यूनिट तथा धोबनी गांव में एक जलमीनार का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति डीडीसी दिलेश्वर महतो ने अपने संबोधन में कहा कि सोलर लिफ्ट इरिगेशन यूनिट एवं जलमीनार ग्रामीणों के लिए उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होंगे।

उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीणों को स्थायी आजीविका के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे पलायन में कमी आएगी।

उन्होंने जलमीनार में लगाए गए आरओ सिस्टम की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एचआरडीपी परियोजना के अंतर्गत 17 गांवों में किए जा रहे कार्यों से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। कार्यक्रम में एचआरडीपी परियोजना के प्रतिनिधियों में प्रयास प्रसाद, अभिषेक तिर्की, वात्सल्य आर्यन, रोमन महतो, गणेश उरांव,अंगनू गोप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गुमला विधायक भूषण तिर्की ने विधानसभा में उठाया जनहित का मुद्दाः बाईपास और अपर शंख जलाशय को लेकर किया सरकार का ध्यान आकर्षित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चैनपुर (गुमला) :** गुमला के विकास और किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक भूषण तिर्की ने झारखंड विधानसभा में पुरजोर तरीके से आवाज उठाई है। उन्होंने विधानसभा के शून्यकाल और गैर-सरकारी संकल्प के माध्यम से गुमला बाईपास सड़क के निर्माण में हो रही देरी और अपर शंख जलाशय योजना की विफलताओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायक भूषण तिर्की ने सदन को सूचित किया कि गुमला विधानसभा क्षेत्र की लाइफ लाइन मानी जाने वाली गुमला बाईपास सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2000 में शुरू हुआ था। आश्चर्य की बात यह है कि 25 साल बीत जाने के बाद भी मात्र 12.8 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य अब



तक पूरा नहीं हो सका है।विधायक ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि इस विलंब के पीछे विभाग के अधिकारियों और संवेदकों (ठेकेदारों) की गहरी मिलीभगत है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व संवेदकों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे में भूषण तिर्की ने अपर शंख जलाशय परियोजना का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को बने 40 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन आज भी इसके दायीं मुख्य नहर में पानी नहीं पहुँच रहा है। सिंचाई की सुविधा न होने के कारण हजारों किसान खेती छोड़कर पलायन करने को मजबूर हैं। इस मामले पर जल संसाधन विभाग ने स्वीकार किया कि दायीं मुख्य नहर की सिंचाई क्षमता 1785 हेक्टेयर के विरुद्ध वर्तमान में मात्र 1000 हेक्टेयर में ही सिंचाई हो पा रही है। विभाग के अनुसार, नहर कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है और उसमें गाद जमा हो गई है। सरकार ने कहा है कि क्षेत्रीय संतुलन और बजट की उपलब्धता के आधार पर इस नहर के जीर्णोद्धार के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। विधायक ने मांग की है कि जनहित में तुरंत पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विधायक भूषण तिर्की द्वारा उठाए गए ये दोनों मुद्दे गुमला की जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। एक ओर जहां बाईपास सड़क के अधूरे रहने से यातायात बाधित है वहीं दूसरी ओर सिंचाई के अभाव में किसानों का भविष्य अधर में लटका है।

## बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में आयोजित सीएचओ का तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमला :** आज बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविरसफलतापूर्वक संपन्न हो गया । प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित पतंजलि योगपीठ गुमला के योग विशेषज्ञ रुपेश सोनी ने कहा कि नियमित रूप से करें योग रहे निरोग। योग के नियमित अभ्यास से बीमारी कोसो दूर भागती है।आप निरोग रहते हैं। जो व्यक्ति बीमार है वह भी धीरे धीरे दवा छोड़ देते हैं। आज भागदौड़ और तनाव के दौर में शरीर और मन को स्वस्थ्य रखना जरूरी है। इसके लिए योग एक सशक्त माध्यम है। मास्टर प्रशिक्षण सह सीएचओ उसुर्ला लकड़ा, जिला



आशा फैसिलिटेटर सह राज्य प्रशिक्षक दल रामाकान्त सिंह, योग शिक्षक तुलसी साहु द्वारा संयुक्त रूप से योगाभ्यास कराया । प्रशिक्षण में सीएचओ को बच्चों के लिए योगाभ्यास, किशोरावस्था के लिए योगाभ्यास, अस्थमा प्रबंधन, कैंसर प्रबंधन, मधुमेह प्रबंधन, गर्भवती महिला के लिए योग, मानसिक स्वास्थ्य, स्ट्रोक प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, अवसाद प्रबंधन, अवसाद, वृद्धावस्था के लिए योग आदि के लिए विभिन्न प्रकार के योगासनों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के अंत में सभी सीएचओ का परीक्षा लिया गया और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण के जिले के पैंतीस सीएचओ शामिल हुई। यह प्रशिक्षण जिला स्वास्थ्य समिति गुमला द्वारा आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनीत आंनद, कार्यक्रम सहायक वीणा कुजूर, मास्टर प्रशिक्षक सह सीएचओ उसुर्ला लकड़ा, जिला आशा फैसिलिटेटर सह राज्य प्रशिक्षक दल रामाकान्त सिंह, योग शिक्षक तुलसी साहु, कम्प्यूटर आपरेटर संतोष पहान, सीएचओ सईफ आलम, शुभम कुमार, नीलमणि कुजूर, संध्या कुमारी मिर्धा, कुसूम अनिमा कुजूर, दीपशिखा तिग्गा, अजिता एक्का, प्रीति श्री, माधुरी टोप्पो, अंजेला होरो, लता संगीता टोप्पो, प्रियंका पन्ना, आनंदिता कुमारी, कुमारी दिव्या सिंह आदि उपस्थित थी।

# महिला विकास मंडल घाघरा का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**घाघरा (गुमला):** महिला विकास मंडल घाघरा का वार्षिक अधिवेशन एसएस उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गुमला दिलेश्वर महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) घाघरा दिनेश कुमार, जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी एवं प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि डीडीसी दिलेश्वर महतो ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाशक्ति का साक्षात रूप हैं, जिसका प्रमाण आज की विशाल भीड़ से स्पष्ट है। उन्होंने जोर देकर कहा, ₹अब नारी अबला नहीं, सबला है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। डीडीसी ने महिला विकास मंडल से जुड़ी महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये न केवल स्वयं सफल हो रही हैं, बल्कि देश-दुनिया में अपना नाम रोशन कर रही हैं।जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी ने भी उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिला मंडल ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम बन चुका है। हम सभी को मिलकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए, ताकि गांव-गांव में समृद्धि आए।

## सार-संक्षेप

### रेलवे पुल के पास जानलेवा गड्ढों से राहत, थाना प्रभारी की पहल पर हुआ समतलीकरण



**कुडू - लोहरदगा :** कुडू-चापी पथ में स्थित रेलवे पुल संख्या 21 के दोनों ओर बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे राहगीरों के लिए लंबे समय से खतरे का कारण बने हुए थे। स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, खासकर दोपहिया चालकों और पैदल यात्रियों के लिए यह रास्ता जोखिम भरा हो गया था।बीते दिनों आयोजित शांति समिति की बैठक में आमजनों ने थाना प्रभारी अजित कुमार को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया था और शीघ्र समाधान की मांग उठाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने त्वरित पहल की और संबंधित विभाग से समन्वय कर गड्ढों का समतलीकरण कराया, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए आमजन की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्चप्राथमिकता है। जहां-जहां इस तरह की समस्याएं सामने आएंगी, वहां समाधान करने की पुरी कोशिश करेंगे।

### भारत की जनगणना 2027 हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ




**गुमलाः** भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर सूचना भवन, गुमला के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शशिन्द्र कुमार बड़ाईक, अपर समाहर्ता-सह-जिला जनगणना पदाधिकारी, गुमला द्वारा किया गया।उद्घाटन अवसर पर उन्होंने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्यों को सभी स्तरों पर सावधानीपूर्वक एवं पूर्व निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप संपादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें सटीकता एवं समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है।प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के उप निदेशक, जनगणना केश्या नायक एवं सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-2 श्री राजा शंकर ठाकुर द्वारा किया जा रहा है। वहीं श्रीमती माधुरी बेक, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी-सह-अपर जिला जनगणना पदाधिकारी, गुमला द्वारा जनगणना 2027 के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई।बताया गया कि भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में संपादित की जाएगी। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य अप्रैल 2026 से सितंबर 2026 तक किया जाएगा। झारखण्ड राज्य में यह कार्य 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक प्रस्तावित है।जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिसमें पर्यवेक्षक एवं प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से डाटा संग्रहण करेंगे। इसके साथ ही सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से प्रशासनिक स्तर पर कार्यों की निगरानी की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से संबंधित सभी तकनीकी एवं कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 मार्च 2026 से 20 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी (चैनपुर, बसिया, गुमला), जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, सभी चार्ज पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी, तकनीकी सहायक एवं जिला स्तरीय जनगणना कोषांग के कर्मी सम्मिलित हो रहे हैं।

### लायंस क्लब गुमला द्वारा दो दिवसीय निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का समापन




**गुमला :** लायंस क्लब गुमला द्वारा आयोजित दो दिवसीय निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का समापन आज किया गया। इस शिविर में 27 लोगों ने अपने आंखों की विभिन्न तरह की बीमारियों का जांच करवाया, जिसमें से 6 लोग मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए। इन सभी का सफल नेत्र ऑपरेशन रांची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ नवल और उनकी टीम द्वारा किया गया।शिविर में सभी को दवा, चश्मा और आंखों की देखभाल करने की हिदायत दी गई। डॉ नवल ने बताया कि आंखों की देखभाल करना बहुत जरूरी है और नियमित जांच करवाना चाहिए।इस सफल ऑपरेशन में सहायक नेत्र चिकित्सा आशीष कुमार, क्लब के अध्यक्ष ला. मुरली मनोहर प्रसाद, रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जायसवाल, जॉन चेयरपर्सन डॉक्टर ला.शंकर लाल जाजोदिया, पूर्व अध्यक्ष ला. राजकुमार अग्रवाल, सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता, और शशि किरण जयसवाल की अहम भूमिका रही। अब इन सभी लोगों को मंगलवार, दिनांक 24 तारीख को रिचेकअप के लिए बुलाया गया है, जहां उन्हें जरूरी दवाएं और जानकारी दी जाएगी।

### भरनो में डीटीओ ने चलाया जांच अभियान,स्कूली वाहनों समेत सभी वाहनों पर गिरी गाज,2.80 लाख का वसूला जुर्माना

**भरनो(गुमला):** एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना चेकपोस्ट के समीप बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।जहां राजस्व संग्रहण हेतु यह अभियान चलाया गया।इस बड़ी कार्रवाई में विभिन्न नियमों के उल्लंघन पर कुल 2 लाख 80 हजार रुपये का भारी-भरकम जुर्माना काटा गया।अभियान के दौरान स्कूली बच्चों को ढोने वाले वाहनों (बस और वैन) की गहनता से जांच की गई। सभी वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और दस्तावेजों की कमी पाई गई।डीटीओ ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जांच के घेरे में आए सभी वाहन चेकिंग के दौरान केवल बसें ही नहीं,बल्कि हर श्रेणी के वाहनों को रोककर उनके कागजात और सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई।टेंपो और कार व्यावसायिक परमिट और फिटनेस की जांच की गई। बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग करने वालों पर भारी जुमार्ना लगाया गया। व्यावसायिक रूप से चलने वाले कई वाहन बिना वैध परमिट के सड़कों पर दौड़ते मिले।कार्रवाई के दौरान डीटीओ श्री जायसवाल ने वाहन चालकों और मालिकों को को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं,बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।भरनो में आज की कार्रवाई एक ट्रेलर है।हम उन सभी वाहन मालिकों को चिन्हित कर रहे हैं जो बिना इंश्योरेंस और परमिट के वाहन चला रहे हैं।इस वाहन जांच अभियान में भरनो थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## गढ़वा नगर परिषद में भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप, आजसू ने सौंपा आवेदन



**गढ़वा।** नगर परिषद क्षेत्र में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर एक बार फिर बड़ा मामला सामने आया है। आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दौलत सोनी को आवेदन सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। सौंपे गए आवेदन में दो गंभीर मामलों को प्रमुखता से उठाया गया है। पहला मामला केसर-ए-हिंद की जमीन से जुड़ा है। आरोप है कि इस जमीन के मूल स्वरूप के विपरीत वहां बने चिल्ड्रेन पार्क को तोड़कर 84 दुकानों का निर्माण करा दिया गया। दुकान निर्माण और आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह अपारदर्शी बताया गया है। साथ ही एसडीओ की जांच रिपोर्ट में भी इस निर्माण को अवैध करार देते हुए कई अनियमितताओं की पुष्टि की गई है। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि संबंधित बोर्ड बैठक में पदेन अध्यक्ष (एसडीओ) को आमंत्रित नहीं किया गया, जिससे प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मांग की गई है कि अवैध दुकानों को हटाकर पुनः चिल्ड्रेन पार्क विकसित किया जाए। दूसरा मामला सोनपुरवां स्थित रामबाध तालाब के सौंदर्यीकरण से जुड़ा है। वर्ष 2022 में करीब 2 करोड़ 12 लाख रुपये की निकासी के बावजूद धरातल पर कोई कार्य नहीं होने का आरोप लगाया गया है। योजना के तहत घास, फव्वारा, पथ निर्माण, बोटिंग, लाइटिंग और शौचालय जैसी सुविधाएं विकसित की जानी थीं। एसडीओ जांच रिपोर्ट में बिना कार्य कराए राशि निकासी की पुष्टि होने की बात कही गई है। आवेदन में तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी एवं तत्कालीन अध्यक्ष पिंकी केसरी की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। दीपक शर्मा ने दोनों मामलों में दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कर आम जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इस पूरे मामले के सामने आने के बाद अब लोगों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, केंद्रीय सदस्य नंदू ठाकुर, संतोष केसरी, जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी पूजा शर्मा एवं समाजसेवी अरविंद जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी, ईद व सरहुल को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील




**गढ़वा:** आगामी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार समेत विभिन्न प्रखंडों से आए जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने सभी सदस्यों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्वों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया। साथ ही रामनवमी के दौरान मांस-मदिरा बिक्री पर प्रतिबंध एवं डीजे पर पूर्ण रोक लगाने की बात कही गई। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के उपयोग की अनुमति दी गई है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने की बात कही और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत 112 नंबर पर दें। त्योहारों के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी और बड़े वाहनों का प्रवेश नियंत्रित किया जाएगा। बैठक में सभी शांति समिति सदस्यों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि जिले में पूर्व की तरह ही सभी पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनाए जाएंगे। अंत में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी जिलेवासियों को रामनवमी, ईद एवं सरहुल की शुभकामनाएं देते हुए शांति बनाए रखने की अपील की।

## युवक की हत्या का सनसनीखेज खुलासा, पत्नी ने खाने में जहर देकर की हत्या, गला घोंटकर ली जान



**पलामू:** जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटरी गांव से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पत्नी ने अपने ही पति की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 मार्च 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि कटरी गांव निवासी 24 वर्षीय पंकज कुमार यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।जांच के दौरान पाया गया कि पंकज कुमार यादव का शव घर के कमरे में पड़ा हुआ था और उसकी पत्नी पिंकी कुमारी भी वहीं मौजूद थी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। घटनास्थल से एक कपड़ा और ओढ़नी बरामद हुई, जिस पर खून जैसे दाग पाए गए। कड़ाई से पूछताछ करने पर पत्नी पिंकी कुमारी (22 वर्ष) ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वह अपने पति को पसंद नहीं करती थी। इसी कारण उसने पहले खाने में सल्फास की गोली मिलाकर पति को खिलाया। जब पति की हालत बिगड़ने लगी और वह उल्टी करने लगा, तब मौके का फायदा उठाकर ओढ़नी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों की शादी वर्ष 2024 में हुई थी और उनका एक छोटा बच्चा भी है। कुछ दिन पहले ही बच्चे का जन्मदिन मनाया गया था।

# गढ़वा विधायक पर झामुमो का हमला: 'सस्ती लोकप्रियता के लिए जनता को झूठ परोसते हैं'

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका विधानसभा के विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी पर झामुमो ने बुधवार को जोरदार हमला बोला। झामुमो जिलाध्यक्ष शंभु राम ने पूर्व मंत्री और झामुमो केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विधायक तिवारी न तो विकास कार्यों की स्थिति का अध्ययन करते हैं और न ही सरकारी कार्यों की जानकारी रखते हैं। वे केवल मीडिया, विधानसभा और जनता के बीच सस्ती लोकप्रियता के लिए झूठ फैलाते हैं। झामुमो नेताओं ने आरोप लगाया कि विधायक न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक



रूप से भी बीमार हैं। उनका कहना था कि तिवारी को गढ़वा के विकास कार्यों की चिंता करनी चाहिए, लेकिन वे सिर्फ गलत बयानबाजी कर जनता के बीच हंसी के पात्र बन रहे हैं। झामुमो नेताओं के अनुसार, सोनपुरवा में नगर परिषद गढ़वा का कार्यालय निर्माण कार्य प्रगति पर है। लेकिन विधायक बिना जानकारी लिए इसे तालाब की भूमि बता कर भ्रम फैला रहे हैं। नगर परिषद गढ़वा के कार्यालय भवन निर्माण के लिए 2 एकड़ भूमि निःशुल्क नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड को हस्तांतरित की गई है। शंभु राम ने विधायक से अपील की कि कोई भी बयान देने या आरोप लगाने से पहले अध्ययन जरूर करें। यदि स्वास्थ्य की वजह से वे स्वयं अध्ययन नहीं कर पा रहे हैं तो किसी पढ़े-लिखे व्यक्ति को साथ रखें। झामुमो नेताओं ने यह भी कहा कि तिवारी ने अपने पूर्व कार्यकाल और वर्तमान में कोई विकास कार्य नहीं किया है। वे पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा कराए जा रहे कार्यों में ठेकेदारों से कमीशन के लिए बयानबाजी करते हैं और कमीशन मिलने के बाद मौन रह जाते हैं। विधायक के कारण नगर परिषद क्षेत्र में कचरे का सही प्रबंधन नहीं हो रहा और शहर के कई हिस्सों में कचरा डंपिंग के मामले बढ़ गए हैं। झामुमो ने कहा कि विधायक बीमारी का बहाना बनाकर क्षेत्र एवं जनता से भाग रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से सचिव शरीफ अंसारी, केंद्रीय सदस्य नितेश सिंह, जवाहर पासवान, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, रेखा चौबे, फुजैल अहमद, प्रवक्ता सुजीत चंद्रवंशी, गुलाम हुसैन, अराधना सिंह, रेखा पाठक, प्रियम सिंह, हरिओम यादव, धनंजय पासवान, दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## जरूरतमंद के लिए खून की व्यवस्था में आगे आई पुलिस, समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी ने किया रक्तदान

**मेदिनीनगर:** मानवता की मिसाल पेश करते हुए पलामू पुलिस ने एक जरूरतमंद महिला के प्रसव के दौरान रक्त की व्यवस्था कर सराहनीय कार्य किया। जानकारी के अनुसार, पलामू एसपी के निर्देश पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा ने डीआईजी आवास में कार्यरत छोटू कुमार की बहन सोनी कुमारी के प्रसव के लिए तत्काल ब्लड उपलब्ध कराने की पहल की। सोनी कुमारी को प्रसव हेतु मेदिनीनगर के सेवा सदन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने एक यूनिट रक्त की आवश्यकता बताई। रक्त की व्यवस्था को लेकर छोटू कुमार इधर-उधर भटक रहे थे। इसी दौरान



मामले की जानकारी पलामू एसपी को मिली, जिन्होंने तुरंत इस दिशा में पहल करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा ने समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी से संपर्क कर रक्तदान के लिए आग्रह किया। अनुरोध पर सोनू सिंह नामधारी ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिससे समय पर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया जा इस नेक कार्य के लिए सोनी कुमारी के परिजनों ने सोनू सिंह नामधारी और सुशील सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि पलामू के चर्चित युवा व्यवसाई सह समाजसेवी सोनू नामधारी शुरू से ही सामाजिक काम में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका अदा करते रहे हैं। कोरोना काल हो या कोई भी आपदा या विपत्ति हो श्री नामधारी ने आगे बढ़कर लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा किया है। उनके इस मानवीय और सामाजिक कार्य के लिए पलामू जिला प्रशासन और यहां के प्रबुद्ध जनों ने लगातार प्रशंसा किया है सोनू नामधारी ने खून देकर जिस महिला के मातृत्व शक्ति में सहयोग किया उसके लिए सभी लोगों ने उन्हें बधाई और आभार प्रकट किया है।

## मझीआँव नगर पंचायत में नया नेतृत्व, सुमित्रा देवी-अध्यक्ष और सुमन विश्वकर्मा-उपाध्यक्ष बने

**गढ़वा:** मझीआँव नगर पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को गढ़वा अनुमंडल सभागार में गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त (नगरपालिका) दिनेश यादव ने अध्यक्ष सुमित्रा देवी सहित सभी वार्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि वे संविधान के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान दें। उन्होंने आश्वस्त किया कि मझीआँव के विकास के लिए प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। साथ ही नगर पंचायत को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए टीम भावना के साथ कार्य करने पर जोर दिया। शपथ ग्रहण के बाद नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया गया। चुनाव में सुमन विश्वकर्मा ने 06 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंदी विकास कुमार सिंह को 05 मतों से पराजित किया, जबकि एक मत अमान्य घोषित किया गया। निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता रविश राज सिंह ने सुमन विश्वकर्मा को विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा। इसके उपरांत नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने नव निर्वाचित उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में निर्वाची पदाधिकारी रविश राज सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, बीडीओ कुमार नरेन्द्र नारायण, अंचल अधिकारी सफी आलम सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रेडमा एसबीआई शाखा बंद होने पर संसद में उठा मुद्दा, सांसद वीडी राम ने किया पुनः खोलने का आग्रह

**पलामू:** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र से जुड़ा एक महत्वपूर्ण जनहित का मामला उठाया। उन्होंने मेदिनीनगर के रेडमा क्षेत्र में बंद पड़ी भारतीय स्टेट बैंक (स्ब्र्ह) शाखा को पुनः चालू करने तथा गढ़वा जिले के बरगढ़ और बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालयों में नई एसबीआई शाखाएँ खोलने की मांग की। सांसद ने कहा कि पलामू और गढ़वा दोनों ही जिले आकांक्षी जिलों में शामिल हैं। ऐसे में यहां बैंकिंग सेवाओं का विस्तार बेहद जरूरी है। हालांकि, वर्तमान में एसबीआई की सेवाओं को लेकर क्षेत्र में कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। उन्होंने बताया कि मेदिनीनगर के घनी आबादी वाले और व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रेडमा क्षेत्र में पहले संचालित स्ब्र्ह शाखा को बंद कर दिया गया है, जिससे हजारों खाताधारकों, पेंशनभोगियों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रेडमा शाखा के बंद होने के बाद सभी खातों को मेदिनीनगर स्थित मुख्य शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां पहले से ही अत्यधिक भीड़ रहती है। इससे लंबी कतारें लग रही हैं और बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

सांसद विष्णु दयाल राम ने आगे कहा कि गढ़वा जिले के बरगढ़ और बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालयों में भी बैंकिंग सुविधाओं का अभाव है। यहां नई शाखाएँ खोले जाने से आदिवासी और ग्रामीण आबादी को बैंकिंग सेवाओं, किसान क्रेडिट कार्ड और सरकारी योजनाओं के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (छ्ठ्ठ) का लाभ आसानी से मिल सकेगा। उन्होंने लोकसभा के माध्यम से वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से आग्रह किया कि जनहित को देखते हुए मेदिनीनगर के रेडमा में स्ब्र्ह शाखा का पुनः संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा बरगढ़ और बिशुनपुरा में नई शाखाएँ खोली जाएं, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें।

## छतरपुर में रामनवमी, सरहुल व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक, जुलूस में डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित

**छतरपुर (पलामू)।** आगामी रामनवमी, सरहुल एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को छतरपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ सह बीडीओ आशीष कुमार साहू ने की। बैठक में डीएसपी अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता,एएसआई राहुल कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र में शांति, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने पर जोर दिया। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसी



भी जुलूस में डीजे का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करते हुए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें। सीओ सह बीडीओ आशीष कुमार साहू ने कहा कि सभी जुलूस पूर्व निर्धारित रूट से ही निकाले जाएंगे तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही मेडिकल टीम की उपलब्धता एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। डीएसपी अवध कुमार यादव ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ संदेशों से दूर रहें। सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता 'चुनमुन' ने आश्वस्त किया कि नगर क्षेत्र में पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में मौजूद सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में शांति बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। अंत में प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाकर क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव की परंपरा को मजबूत करें।

## निगम क्लीनिक में डायलिसिस से डिलीवरी तक की व्यवस्था करूंगी :अरुणा शंकर

**पलामू :** बुधवार से महापौर अरुणा शंकर अपने एक्शन मोड में आते हुए निगम द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य केंद्र रांची रोड एवं पंपूकल का निरीक्षण करने पहुंची जहां उन्होंने क्लीनिक की व्यवस्था देखी और उपस्थित डॉक्टर श्रेया सोनी तथा पप्पूकल क्लीनिक में डॉक्टर नितेश कुमार के साथ बैठकर समीक्षा करते हुए कही स्वास्थ्य मेरी प्राथमिकता है क्लीनिक की सफाई, समय पर डॉक्टर एवं नसों का आना साथी निशुल्क दवा हमेशा उपलब्ध रहे। मैं स्वयं समय-समय पर आती रहूंगी। इस क्रम में महापौर ने स्वयं भी अपनी जांच डॉ श्रेया से कराया। महापौर अरुणा शंकर ने यह भी कहा निगम क्लीनिक जो आयुष्मान आरोग्य केंद्र के नाम से संचालित हो रहा जल्द अत्याधुनिक बनेगा और एक स्वास्थ्य केंद्र मैं स्वयं गोद लूंगी जहां डायलिसिस, डिलीवरी एवं जांच घर तक की व्यवस्था होगी। महापौर अरुणा शंकर ने डॉक्टर से कहा आपको किसी भी चीज की आवश्यकता हो मुझे सीधा संपर्क करें तत्काल समाधान होगा। मेरा लक्ष्य स्वस्थ एवं स्वच्छ मेदिनी नगर बनाना है। महापौर ने स्र्ब्ह॥ हॉस्पिटल जाकर महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया जहां हॉस्पिटल सुपरीटेंडेंट डॉ अजय विश्वकर्मा, डॉक्टर आर के रंजन, डॉ सुशील पांडे ने महापौर का स्वागत करते हुए सभी चीजों की जानकारी दी। महापौर स्र्ब्ह॥ महिला वार्ड की सफाई एवं व्यवस्था से संतुष्ट थी लेकिन पीने के पानी की व्यवस्था कहीं नहीं पाई जिस पर हॉस्पिटल सुपरीटेंडेंट ने कहा तत्काल बना दिया जाएगा। महापौर से कुछ महिलाओं ने शिकायत की महिला वार्ड के सामने निगम शौचालय हमेशा बंद रहता जिस पर निगम को महापौर ने निर्देश दिया दो दिनों के अंदर सफाई कर शौचालय को खोल दी जाए।

## निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर से 44 मरीजों को मिली नई रोशनी, राधिका नेत्रालय बना सहारा

**गढ़वा :** चिरौंजिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में बुधवार को आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। जिला अंधापन नियंत्रण समिति एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट (लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 44 मरीजों का सफल ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किया गया, जिससे उनकी आंखों की रोशनी वापस लौट सकी। नेत्रालय के संस्थापक डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि पहले लोगों में यह भ्रांति थी कि गर्मी के मौसम में मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं कराया जा




सकता, लेकिन आधुनिक तकनीक के कारण अब सालभर सुरक्षित रूप से ऑपरेशन संभव है उन्होंने बताया कि इस शिविर का लाभ केवल गढ़वा ही नहीं, बल्कि पलामू के सीमावर्ती क्षेत्रों से आए मरीजों को भी मिला। नेत्रालय में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मोतियाबिंद की निःशुल्क जांच की जाती है, ताकि मरीज समय पर उपचार प्राप्त कर सकें। डॉ. सुशील कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आंखों से जुड़ी किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें और समय पर जांच अवश्य कराएं। शिविर के सफल आयोजन में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं

## नीरज श्रीधर 'स्वर्गीय' का संदेश: 'सृष्टि के नवसृजन का शुभारंभ है भारतीय नववर्ष

**गढ़वा:** भारतीय नववर्ष को केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि में नवजीवन के संचार का प्रतीक बताया गया है। संस्कार भारती झारखण्ड प्रांत के कला धरोहर संयोजक नीरज श्रीधर 'स्वर्गीय' ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला भारतीय नववर्ष प्रकृति, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम है। उन्होंने बताया कि भारतीय मान्यता के अनुसार इसी दिन सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना आरंभ की थी। इसलिए यह दिन केवल नए वर्ष का आरंभ नहीं, बल्कि सृजन के प्रथम क्षण का प्रतीक है। इस दृष्टि से इसे 'सृष्टि का नववर्ष' कहना पूर्णतः सार्थक है। नीरज श्रीधर ने कहा कि इस समय प्रकृति भी अपने नव रूप में दिखाई देती है। वृक्षों पर नए पत्ते, आम्र-मंजरियों की सुगंध, खेतों में लहलहाती फसलें और सुहावना वातावरण नववर्ष के स्वागत का संदेश देते हैं। यह केवल प्राकृतिक सौंदर्य नहीं, बल्कि नवजीवन और पुनर्निर्माण का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय नववर्ष की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऋषि-मुनियों ने गहन अध्ययन के आधार पर इस समय को वर्षारंभ के लिए चुना। यह मौसम संतुलित होता है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए अनुकूल माना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय नववर्ष आत्मचिंतन और आत्मसुधार का अवसर प्रदान करता है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम बीते वर्ष से सीख लेकर नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ें और जीवन में सकारात्मकता, परिश्रम तथा सदाचार को अपनाएं।

